• जयपुर, सोमवार 23 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 174 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर में 15 महीनों में 1700 से ज्यादा रास्ते खुले, लाखों ग्रामीणों की राह हुई...
पेज @4 डोटासरा और जूली ने एक बार फिर साबित किया कांग्रेसियों का झूठ बोलो और...
पेज @8 'सूर्यकिरण' और 'सारंग' एयरोबेटिक शो ने मोहा मन, उपमुख्यमंत्री...

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वायु सेना के शौर्य एवं कौशल को सराहा

# जलमहल की पाल पर सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले का हुआ आयोजन

## कहा - आर्मी डे परेड के बाद यह कार्यक्रम जयपुर के लिए गर्व की बात

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की गरिमामयी उपस्थिति में जयपुर में जलमहल की पाल पर भारतीय वायु सेना के सूर्यकिरण एरोबैटिक एवं सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले कार्यक्रम में शिरकत की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय वायुसेना के शौर्य, साहस और तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि जयपुर की धरती पर यह आयोजन गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आर्मी डे परेड के भव्य एवं सफल आयोजन के बाद वायु सेना की ओर से आयोजित इस अद्भुत कार्यक्रम से यह साबित हुआ है कि जयपुर ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों के लिए पूरी तरह तैयार है।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी सेना का गौरव लगातार बढ़ रहा है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर वायु सेना के अद्भुत पराक्रम एवं भारत की सुरक्षा मज़बूत हाथों में होने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि



हमारी वायु सेना सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं और महामारी में भी लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने अद्वितीय हवाई कौशल और उत्कृष्ट करतबों से मंत्रमुग्ध करती है। भारतीय वायुसेना के एम्बेसडर्स सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के तीन पायलट विंग कमांडर राजेश काजला, विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ और स्क्वॉड्रन लीडर संजेश सिंह जयपुर के ही हैं। इन पायलट्स ने वर्षों की कठिन मेहनत, अटूट अनुशासन और असाधारण कौशल के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।

शर्मा ने कहा कि यह आयोजन नागरिक और सेना के बीच अटूट

### युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित करते हैं ऐसे आयोजन

रिश्ते का उत्सव है। इस तरह के आयोजन से युवाओं के मन में सेना में जाने का संकल्प जन्म लेता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय गौरव और रक्षा सेवाओं के प्रति जागरुकता को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात मुख्यमंत्री ने मौजूद जनसमूह के बीच जाकर उनका अभिनंदन स्वीकार किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिंदर सिंह, सप्तशक्ति कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

**आसमान में गूंजा ''खम्मा घणी'' और ''राम-राम सा''**

जल महल पर खुले आसमान में सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने सटीकता और सामूहिक समन्वय का अद्भुत प्रदर्शन किया। टीम ने सारंग स्पिलिट, एरोहैड, डॉल्फिन लीप, लेवल क्रॉस, हाई स्पीड क्रॉस, क्रॉस ओवर ब्रेक, डायमंड एवं इन्वर्टेड वाइन ग्लास जैसी अनेक आकृतियां आसमान में बनाई।

सूर्य किरण एरोबैटिक टीम ने इन्वर्टेड रन, बैरल रोल, बॉम्ब बर्स्ट, डीएनए संरचना जैसी अनेक आकृतियों के साथ आसमान में दिल बनाकर वायु सेना की ओर से जयपुरवासियों का अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों टीमों द्वारा कॉकपिट से ''खम्मा घणी'' और ''राम-राम सा'' का उद्घोष जनता के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।



न्यूज़ अपडेट

### शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ के चलते पुणे के रूबी अस्पताल में भर्ती

**पुणे/एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) के प्रमुख और दिग्गज राजनेता शरद पवार के स्वास्थ्य को लेकर एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। लगातार कमजोरी महसूस होने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद रविवार को उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ नेता को गंभीर खांसी की भी शिकायत है। उनकी लगातार बिगड़ती तबीयत को देखते हुए अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनकी सघन निगरानी कर रही है, जिससे पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में चिंता का माहौल है। शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य से जुड़ा ताजा अपडेट साझा किया है। सुप्रिया सुले ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है कि उनके पिता को आगे की नियमित जांच और हाइड्रेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता डील नहीं दबाव : जयराम रमेश

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संतुलित समझौते का मतलब लेना और देना होता है, लेकिन जब केवल दिया जाए और बदले में बहुत कम मिले, तो उसे समझौता नहीं बल्कि दबाव कहा जाएगा। जयराम रमेश ने कहा कि वे किसी तरह का आरोप नहीं लगा रहे, बल्कि तथ्यों के आधार पर बात कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड×गे भी तथ्यों के आधार पर ही सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि आखिर किसान संगठन और किसान इस समझौते को लेकर चिंतित क्यों हैं। जयराम रमेश ने अमेरिका की व्यापार नीति का उदाहरण देते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप समय-समय पर टैरिफ में बदलाव करते रहते हैं, तो भारत ऐसा क्यों नहीं करता?

160 किमी/घंटा की रफ्तार से 55 मिनट में दिल्ली

# पीएम मोदी ने नमो भारत ट्रेन मेरठ मेट्रो को दिखाई हरी झंडी

**मेरठ/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को होली से पहले मेरठ को अत्याधुनिक परिवहन प्रणाली की सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ के शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन से नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन के शुरू होने से मेरठ से दिल्ली का सफर काफी आसान हो जाएगा, जिसमें तकरीबन 55 मिनट लगने का अनुमान है।

मेरठ से नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन देश के पहले क्षेत्रीय रैपिड रेल कॉरिडोर का हिस्सा है। नमो भारत ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने में सक्षम है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

नमो भारत ट्रेन के शुभारंभ के बाद अब मोदीपुरम से लेकर दिल्ली सराय काले खां तक का समय एक घंटे से भी कम (55 मिनट) में पूरा होगा, क्योंकि मेरठ के मोदीपुरम से लेकर सराय काले खां के बीच सभी 15 स्टेशन के संपूर्ण कॉरिडोर में ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। इससे लाखों दैनिक यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परियोजना पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास को नई गति देगी और रोजगार व निवेश के अवसर बढ़ाएगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस नमो भारत ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, सीसीटीवी निगरानी और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध है।



मेरठ मेट्रो और नमो भारत कॉरिडोर पर सीएम योगी बोले-

### ये नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में स्वर्णिम अध्याय

**लखनऊ/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-मेरठ के बीच नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो कॉरिडोर के शुभारंभ को नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का स्वर्णिम अध्याय बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ दौरे को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रांतिधरा मेरठ में मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को गति प्रदान करेंगे। साथ ही आधुनिक कनेक्टिविटी के साक्षी बन रहे जनपद मेरठ को लगभग 12,930 करोड़ रुपए की



अलग-अलग विकास और लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं की सौगात प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश आगमन पर उनका स्वागत करते हुए सीएम योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी 82 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करते हुए आरआरटीएस के शेष खंडों का उद्घाटन करेंगे। यह कदम एकीकृत शहरी और क्षेत्रीय परिवहन के लिए नई मिसाल स्थापित करेगा।

भाजपा के राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने भी प्रधानमंत्री मोदी के मेरठ आगमन पर उनका स्वागत किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल कॉरिडोर का लोकार्पण और मेरठ मेट्रो कॉरिडोर का शुभारंभ करेंगे। इस ऐतिहासिक पहल से दिल्ली-मेरठ के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी व क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण, व्यापार, निवेश और रोजगार अवसरों को नई गति मिलेगी।

### कांग्रेस ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाया : पीएम मोदी



**मेरठ/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ में करीब 12,930 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। साथ ही भारत के पहले नमो भारत आरआरटीएस और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर देश को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ आज देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे। अभी आपने देखा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई इम्पैक्ट समिट हुआ। दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि आपको कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी। कांग्रेस के नेताओं ने वहां पर जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से दिवालिया हो गई है। कांग्रेस तो अपने देश को ही बदनाम करने में जुटी है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है, वे मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, और उन्हें भाजपा और एनडीए से विरोध है। कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि एआई ग्लोबल समिट भाजपा का समारोह नहीं था।

संपादकीय

# कांग्रेस को सबक लेना चाहिए

कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है।

डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने तमिलनाडु में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने की संभावना से दो टूक इनकार कर इंडिया एलायंस को वैसे विवाद से बचा लेने की कोशिश है, जिसका भारी नुकसान इस समूह को कई राज्यों में उठाना पड़ा। गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश लेकर बिहार तक- ऐसे विवाद में समान पात्र कांग्रेस रही। मध्य प्रदेश और हरियाणा में गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने की अपनी हैसियत को जताते हुए टिकट बंटवारे में उसने समाजवादी पार्टी या अन्य छोटे दलों की मांगों को सिरे से ठुकरा दिया। महाराष्ट्र और बिहार में अधिक सीटों पर उम्मीदवारी पाने के लिए सबसे बड़े दल पर उसने कई कोण से दबाव बनाए, जिसे बदमजगी पैदा हुई।

दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे को समर्थन देने में उसने हील-हुज्जत की, जिससे गठबंधन में बिखराव का संदेश गया। अब वही तरीका तमिलनाडु की कांग्रेस इकाई ने कुछ समय पहले से अपनाया हुआ था। चुनाव लडऩे के लिए अधिक सीट और चुनाव के बाद अगर सत्ता मिली, तो सरकार में मंत्री पद का पहले से वादा- कांग्रेस की इन दो मांगों से गठबंधन के अंदर खींचतान का माहौल बन रहा था। डीएमके ने दोनों मांगों को ठुकरा दिया है। इस तरह अब यह कांग्रेस पर है कि वह राज्य में फिलहाल सत्ताधारी गठबंधन में रहे या नहीं। लोकतंत्र में सत्ता में आने की अपेक्षा रखना उचित ही है। लेकिन सत्ता मिलना या ना मिलना समर्थन आधार की ताकत से तय होती है।

कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। संभवत: कांग्रेस नेतृत्व को इसकी चिंता भी नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है। ऐसे में अधिकांश राज्यों में सहयोगी दलों की पीठ पर सवारी उनकी मजबूरी बन गई है। मगर इसमें भी वे अपनी शर्तें थोपना चाहते हैं। इसका खराब तजुर्बा सहयोगी दलों को हुआ है। मगर वैसे अनुभव से गुजरने से डीएमके ने इनकार किया है, तो कांग्रेस को उससे सबक लेना चाहिए।

## ऑपरेशन भी होगा तो शर्तों के साथ

● हरिशंकर व्यास

तो आज का वक्त भारत का सेनापति बेचारा (थलसेना प्रमुख-जनरल एमएम नरवणे) 'सबसे ऊपर से'.. आदेश की प्रतीक्षा के अनुभव वाला। अंत में जवाब - जो उचित समझो, वह करो। कितनी गंभीर बात। तभी विचार करें नेहरू के बनाए भारत और जिन्ना के बनाए पाकिस्तान में क्या फर्क है? नेहरू की जिद्द थी कि सिविल सरकार से सेना आदेश लेगी। जबकि जिन्ना ने दिमाग नहीं लगाया। नतीजतन पाकिस्तान में रिवाज है सेना देगी सिविल सरकार को आदेश। वह चलाएगी सरकार!

इस फर्क को क्या नरेंद्र मोदी, अजित डोवाल, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जयशंकर या संघ परिवार के लाठीधारी जानते हैं? चलिए आज आपको राहुल गांधी के पुरखे जवाहरलाल नेहरू की समझ का एक प्रमाण दें। वह सबूत, जिससे पाकिस्तान में सैनिक सर्वशक्तिमान है वही लोकतांत्रिक भारत भयाकुल सिविलियन नरेंद्र मोदी से शासित है।

नेहरू आजादी से पहले अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। वायसराय की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष थे। वह कार्यकारिणी देश के प्रशासन का बिंदु थी। उसमें ब्रितानी सेना के प्रमुख की सदस्यता अनिवार्य थी। पर नेहरू ज्योंहि उपाध्यक्ष बने उनका निर्णय था नागरिक व्यवस्था, राजनीतिक निर्णयों की बैठकों में सेना प्रमुख का क्या काम! वह सदस्य नहीं होगा। उन्होंने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख को सदस्य नहीं बनाने की अनुशंसा की। नेहरू ने साफ स्टैंड लिया कि शासन-प्रशासन से सेना को दूर रखा जाना चाहिए, ताकि सत्ता का संतुलन नागरिक नेतृत्व के अधीन रहे। तब नेहरू और कांग्रेस नेताओं को बोध था कि भारत में विदेशी शासन सैन्य छावनियों के बल पर था। सो, भविष्य के लोकतांत्रिक भारत में सेना को शासन से दूर रखने का निर्णय हुआ। और नेहरू ने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख के स्थान पर सेना के प्रतिनिधि मंत्री के रूप में नेता सरदार बलदेव सिंह को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। फिर वह हरसंभव प्रयास किया, जिससे सेनाध्यक्ष की प्रशासनिक मामलों से दूरी बनी। वह हस्तक्षेप न हो और न ही नीतिगत निर्णयों में निर्णयकर्ता या भागीदार बने। लोकतंत्र को स्थिर, टिकाऊ बनाए रखने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर एक कैबिनेट समिति का गठन किया। इसी से नागरिक और सैन्य नेतृत्व के बीच एक संस्थागत संतुलन स्थापित हुआ। इसके अलावा, नेहरू ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के कार्यकाल को निश्चित अवधि का बनाया, जिससे सैन्य पदों पर अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव को रोका जा सके।

# पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम

**अजीत द्विवेदी**



वैसे तो अप्रैल में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर है। और ऐसा होने के कई कारण है। हालांकि ऐसा नहीं है कि तमिलनाडु का चुनाव कम महत्वपूर्ण है या केरल और असम का चुनाव ज्यादा महत्व का नहीं है। असम और केरल का चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए जीवन मरण का चुनाव है तो तमिलनाडु डीएमके, अन्ना डीएमके और फिल्म स्टार विजय के लिए बहुत अहम है। परंतु राष्ट्रीय स्तर पर जिस चुनाव का सबसे ज्यादा असर होगा वह पश्चिम बंगाल का है। अगर ममता बनर्जी लगातार चौथी बार चुनाव जीतती हैं तो सिर्फ बंगाल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति प्रभावित होगी और सिर्फ भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए पर ही नहीं, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की राजनीति पर भी बड़ा असर होगा।

चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि वह अकेले सभी 294 सीटों पर लड़ेगी। दूसरी ओर वामपंथी पार्टियों का मोर्चा भी अकेले लडऩे की तैयारी कर रहा है। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है। पिछले दो चुनावों में कांग्रेस और वाम मोर्चे के बीच सीट एडजस्टमेंट की सहमति बनी थी और दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा था। पिछली बार यानी 2021 में तो फुरफुराशरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट यानी आईएसएफ के साथ भी सीटों का समझौता हुआ था। इस बार देखने वाली बात होगी कि आईएसएफ की कमान संभाल रहे नौशाद सिद्दीकी क्या फैसला करते हैं। उनका फैसला इसलिए अहम हो गया है क्योंकि इस बार पश्चिम बंगाल में एक मुस्लिम गठजोड़ के अलग से चुनाव लडऩे की संभावना बन रही है। तृणमूल से चुनाव जीते हुमायूं कबीर ने जनता उन्नयन पार्टी बनाई है।

वे मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हैं और मुस्लिम ध्रुवीकरण के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक सभा की तो उसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इरफान सोलंकी भी शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि हुमायूं कबीर इस बार ओवैसी की पार्टी एमआईएम और बदरूद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीफ से तालमेल करेंगे। अगर आईएसएफ इसमें शामिल हो तो चार मुस्लिम पार्टियों का एक मोर्चा बनेगा। हालांकि इस बीच यह भी खबर है कि सीपीएम के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने भी हुमायूं कबीर से मुलाकात की है। तो क्या लेफ्ट मोर्चा इन मुस्लिम पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकता है? जो हो अभी तक यह दिख रहा है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की आमने सामने की लड़ाई में कांग्रेस, लेफ्ट और मुस्लिम पार्टियों के मोर्चे की चुनौती है। दूर से एक बहुकोणीय मुकाबला दिख रहा है। हालांकि ऐसा होगा नहीं।

चुनाव से पहले बन रहे गठबंधनों की पृष्ठभूमि जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल में हिंदू और मुस्लिम दोनों वोटों के बंटवारे या ध्रुवीकरण से चुनावी नतीजे तय होते हैं। लगभग 30 फीसदी मुस्लिम आबादी लगभग पूरी तरह से ममता बनर्जी की पार्टी के समर्थन में वोट करती है। दूसरी ओर 70 फीसदी हिंदू आबादी का लगभग 60 फीसदी हिस्सा भाजपा का समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि अगर 10 फीसदी और हिंदू वोट भाजपा के साथ जुड़ जाएं तो भाजपा चुनाव जीत जाएगी या अगर 20 फीसदी के करीब मुस्लिम वोट ममता बनर्जी से टूट जाए तब भी भाजपा जीत जाएगी। भाजपा का 38 से 40 फीसदी तक वोट कायम रहने की संभावना इसलिए है क्योंकि पिछले तीन चुनावों में उसे इतना ही वोट मिलता है और उसे इसे और कंसोलिडेट किया है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस, लेफ्ट और आईएसएफ को साझा तौर पर 12 फीसदी के करीब वोट मिला था। इसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा हिंदू वोट का था। ध्यान रहे बांग्ला बोलने वाला हिंदू समुदाय भाजपा के साथ जाने की बजाय ममता बनर्जी या लेफ्ट, कांग्रेस के साथ रहता है। लेकिन इस बार स्थिति बदलने की संभावना है। बांग्लाभाषी हिंदू पहली बार मुस्लिम आबादी को लेकर चिंता में हैं। उनको लग रहा है कि भाषा और संस्कृति की एकता बनाने के चक्कर में बांग्लाभाषी हिंदू पहले कांग्रेस फिर लेफ्ट और अब तृणमूल को वोट देते रहे हैं लेकिन इस बीच राज्य की जनसंख्या संरचना बदल गई और उनके सामने गंभीर खतरे खड़े हो गए हैं। अगर बांग्लाभाषी हिंदू इस मानसिकता में वोट करते हैं तो भाजपा के लिए अवसर बनेगा और राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू ध्रुवीकरण मजबूत होगा।

अगर चुनिंदा इलाकों में जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तरी दिनाजपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर मुस्लिम आवाम का समर्थन मुस्लिम नेताओं की पार्टियों को मिलता है तो हैदराबाद से शुरू होकर महाराष्ट्र और बिहार तक मुस्लिम नेतृत्व के प्रति मुस्लिम आवाम के बढ़ते रूझान पर मुहर लगेगी। यह ट्रेंड स्थायी रूप से देश की राजनीति को बदलने वाला होगा। ध्यान रहे बिहार में आमने सामने के चुनाव के बावजूद ओवैसी की पार्टी के पांच विधायक जीते। महाराष्ट्र में ओवैसी की पार्टी के करीब एक सौ पार्षद जीते हैं। यह ट्रेंड दिखाता है कि मुस्लिम आवाम के मन में मौजूदा सेकुलर पार्टियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है। वे उनकी बजाय सीधे अपना नेतृत्व खड़ा करना चाहते हैं। तभी जहां भी उनको अपना विकल्प मिलता है वे उसे प्राथमिकता देते हैं। जहां विकल्प नहीं है वहां रणनीतिक मजबूरी में कांग्रेस या किसी प्रादेशिक पार्टी का समर्थन करते हैं। अगर ममता बनर्जी की पार्टी को मुसलमानों का समर्थन कम होता है तो इस ट्रेंड की पुष्टि होगी। आगे के चुनावों में देश के दूसरे हिस्सों में भी यह ट्रेंड देखने को मिलेगा।

नेतृत्व के स्तर पर भी पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे का असर देश की राजनीति पर पड़ेगा। अगर ममता बनर्जी चौथी बार जीतती हैं और लगातार दूसरी बार सीधे मुकाबले में भाजपा को हराती हैं तो इसे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व के करिश्मे और रणनीति के क्षरण की शुरुआत के तौर पर देखा जाएगा। ध्यान रहे एनडीए के अंदर वैसे भी इस बार भाजपा की स्थिति कमजोर है। पिछले चुनाव में वह अकेले दम पर बहुमत नहीं हासिल कर पाई। नरेंद्र मोदी की सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में हारने पर सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा और पार्टी के अंदर भी एक दबाव समूह उभर सकता है। संघ की ओर से दखल बढऩे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन अगर पश्चिम बंगाल का किला भाजपा फतह कर लेती है तो फिर राष्ट्रीय राजनीति में वह अजेय हो जाएगी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व के सामने लंबे समय तक कोई चुनौती नहीं आएगी।

पश्चिम बंगाल के नतीजे का विपक्षी गठबंधन पर भी बड़ा असर होगा। अगर ममता बनर्जी जीतती हैं तो फिर जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा से लडऩे वाली इकलौती नेता के तौर वे स्थापित होंगी। वे दिल्ली कूच करेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व के सामने बड़ी चुनौती खड़ी होगी। उनके पीछे हटने और ममता बनर्जी के नेतृत्व में 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने की मांग उठेगी। यह मांग जमीन सचाइयों पर आधरित होगी। इसलिए कांग्रेस भले विरोध करे पर दूसरी पार्टियां इस पर गंभीरता से विचार करेंगी। ध्यान रहे अगले चुनाव तक विपक्षी पार्टियों का सत्ता का सूखा 15 साल का हो जाएगा। ऐसे में वे ममता बनर्जी के ऊपर दांव लगा सकती हैं। अगर कांग्रेस केरल और असम में जीत जाती है और तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन जीतता है तब भी राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व को लेकर गंभीर चर्चा छिड़ेगी। कुल मिला कर हिंदू ध्रुवीकरण, मुसलमानों के अंदर अपने नेतृत्व की तलाश की बेचैनी और एनडीए व 'इंडिया' ब्लॉक में नेतृत्व के लिहाज से पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम होने वाला

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।
शुभ रंग- पिंक, शुभ अंक- 9

### वृष राशि :

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढऩे की प्रेरणा आपको मिलेगी। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे बड़ों का आर्शीवाद आपके साथ बना रहेगा।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 1

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।
शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 5

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।
शुभ रंग- पर्पल, शुभ अंक- 3

### सिंह राशि :

आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने के लिये, उन्हें कुछ उपहार देंगे।
शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 3

### कन्या राशि :

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी।
शुभ रंग- गोल्डन, शुभ अंक- 5

### तुला राशि :

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढिय़ा है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।
शुभ रंग- भूरा, शुभ अंक- 9

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं।
शुभ रंग- हरा, शुभ अंक- 1

### धनु राशि :

आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग मिलता रहेगा।
शुभ रंग- ओरेंज, शुभ अंक- 7

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिये बनाया गया प्लान सफल होगा, व्यापार की गति पहले से तेज होगी। पहले किये गये किसी काम का बेहतर परिणाम आज आपको मिलेगा।
शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 2

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी।
शुभ रंग- सफेद, शुभ अंक- 5

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढऩे की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी। आज ऑफिस में आपको कई जिम्मेदारियां दी जा सकती है, जिसे बखूबी निभाने में आप सफल होंगे। लवमेट आज मूवी देखने जायेंगे, साथ में डिनर भी करेंगे।
शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 4

## शब्द सामर्थ्य - 324

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | 15 | | | | | |
| | 16 | | | | | | 17 | 18 |
| 19 | | | 20 | 21 | 22 | | 23 | |
| | | 24 | | 25 | | 26 | | |
| 27 | | | | | | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू- दोकू क्र.324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## संक्षिप्त समाचार

### हकीकत नगर मे घरेलू सहायिका ने दी जान, प्रेम प्रसंग की आशंका

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** थाना सदर बाज़ार क्षेत्र के अंतर्गत हकीकत नगर मे एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्ज़े मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान टीना पुत्री मांगेराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, टीना मूल रूप से जनपद के ही थाना गागलहेड़ी क्षेत्र की रहने वाली थी। वह पिछले लगभग 10 महीनों से हकीकत नगर निवासी संगीता पत्नी सौदी के घर पर घरेलू सहायिका मेड के रूप में कार्य कर रही थी। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने घटनास्थल का जायज़ा लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्र में इस घटना के बाद से शोक और चर्चा का माहौल है। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है।

### सहारनपुर पुलिस का 'ऑपरेशन सवेरा': थाना चिलकाना पुलिस ने 1.5 लाख की स्मैक के साथ शातिर तस्कर को किया गिरफ्तार

**जोधपुर राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में नशे के विरुद्ध छेड़े गए 'ऑपरेशन सवेरा' के अंतर्गत चिलकाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर अपराधी को दबोचा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम दुमझेडा के पास घेराबंदी कर आस मोहम्मद उर्फ आशू को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 15.25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है; अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़ा गया अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिस पर पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अब इस तस्करी के 'फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज' खंगाल रही है ताकि क्षेत्र में सक्रिय मुख्य सप्लायरों और नशे के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।

### तीतरो में सियासी उलटफेर: प्रतिष्ठित चौधरी परिवार ने थामा 'केतली' का साथ, जगदेव सिंह ASP में शामिल




**जोधपुर राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद की राजनीति के केंद्र कहे जाने वाले तीतरो क्षेत्र में उस वक्त बड़ा धमाका हुआ, जब क्षेत्र के प्रतिष्ठित और रसूखदार चौधरी परिवार ने समाजवादी पार्टी को अलविदा कह दिया। कद्दावर नेता चौधरी जगदेव सिंह ने अपने सैकड़ों निष्ठावान समर्थकों के साथ भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा में विश्वास जताते हुए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आयोजित भव्य कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के भारी उत्साह ने यह साफ कर दिया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस बेल्ट में अब समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जगदेव सिंह का पार्टी में आना न केवल अरढ के लिए सांगठनिक मजबूती लेकर आया है, बल्कि इसने आगामी चुनावों से पहले विपक्षी खेमे में हलचल तेज कर दी है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि इस दलबदल से तीतरो क्षेत्र में सामाजिक गठबंधन के नए आयाम स्थापित होंगे, जिसका सीधा असर क्षेत्र की भविष्य की चुनावी तस्वीर पर पड़ना तय है।

### महीलाओं ने फाग उत्सव धूमधाम से मनाया



**जोधपुर राजस्थान/भरत कुमार गांधी रानी।** रानी कस्बे के मेन बाजार स्थित शीतला चौक में मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन में फाग उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में समाज की महिला ने फागुन के पारंम्पिक परिधान पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।
महिलाएं फागनिया की साड़ियां पहनकर ,रंग बिरंगी वेशभूषा और सोलह श्रृंगार कर उत्सव में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान फूलों से फाग उत्सव मनाया गया ओर राधा के संग खेले होली .....जैसे भजनों पर सभी ने आनंद लिया महिलाओं ने झूमकर नृत्य किया तथा घूमर ओर गरबा डांस भी प्रस्तुत किए, जिसमें उत्सवमय हो गया
आयोजन के दौरान सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई इस मौके पर महिलाओं ने आपस में फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां मनाई गई।

### फलोदी में विश्व स्काउटिंग दिवस पर लगाया वट वृक्ष, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स जिला मुख्यालय फलोदी के तत्वावधान में स्काउट्स के जन्मदाता लॉर्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस एवं विश्व स्काउटिंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्काउट्स गाइड्स टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई कर वट वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला प्रभारी अभिषेक शर्मा व जिला प्रशिक्षक ममता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम पूजा चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को फलाहार एवं नाश्ता वितरित करवाया। जिला अध्यक्ष मनमोहन पुरोहित व स्काउट्स टीम ने एसडीएम पूजा चौधरी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इकबाल व उनकी टीम सहित स्काउट्स गाइड्स सदस्य मौजूद रहे। स्काउट्स टीम ने लोगों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से जयपुर जिला प्रशासन के प्रयास लाए रंग

# जयपुर में 15 महीनों में 1700 से ज्यादा रास्ते खुले, लाखों ग्रामीणों की राह हुई आसान

## जयपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सुशासन और जनहित सर्वोपरि की नीति को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अनेक अभिनव पहले संचालित की जा रही हैं। इन्हीं पहलों में से एक है जयपुर जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित रास्ता खोलो अभियान, जिसने मात्र 15 महीनों में ग्रामीण अंचलों की तस्वीर बदल दी है।
जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल से जयपुर जिले में वर्षों से बंद पड़े 1700 से अधिक रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है।
रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की सतत




एवं सघन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। वहीं मौजमाबाद तहसील में 132 रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई।
अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में रास्ता खोलो अभियान केवल मार्ग खोलने तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को सुगम बनाने का सशक्त माध्यम बन गया है।
15 नवम्बर 2024 से 21 फरवरी 2026 की अवधि में रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर में कुल 1 हजार 703 रास्ते खुलवाए गए। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी के तहत सहमति और समझाइश से गांवों, खेतों और ढाणियों के वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खोला जा रहा है।
अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के तहत फागी तहसील में सर्वाधिक 148 रास्ते खुलवाए गए। इसके बाद मौजमाबाद में 132, आंधी में 119, चौमूं में 103, शाहपुरा में 100, फुलेरा एवं चाकसू में 91-91, जमवारामगढ़ में 90, आमेर एवं दूदू में 89-89, रामपुरा डाबड़ी में 85, माधोराजपुरा में 83, बस्सी में 81, जोबनेर में 79, किशनगढ़ में 75, कोटखावदा में 72, जालसू में 70, तुंगा में 57, सांगानेर में 34, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खुलवाए गए।
रास्ता खोलो अभियान से जिले में वर्षों से अवरुद्ध आवागमन मार्ग पुनः सुचारु हुए हैं और ग्रामीणों को सीधी राहत मिली है, जिससे जिले में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ ग्रामीणों और किसानों को सीधा लाभ मिला है। रास्ते खुलने से किसानों को खेतों तक मशीनरी और उपज पहुंचाने में सुविधा मिली है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है। विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज जाने में अब लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ता।
मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से जयपुर जिला प्रशासन के इस विनम्र प्रयास ने संवेदनशील और समाधान-आधारित दृष्टिकोण ने कई वर्षों पुराने विवादों को समाप्त कर सामाजिक सौहार्द को भी सुदृढ़ किया है, यही कारण है कि रास्ता खोलो अभियान आज जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में राहत, विश्वास और सुशासन का पर्याय बन चुका है। यह पहल न केवल अवरुद्ध मार्गों को खोल रही है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

# मन की बात समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है : महंत निलेश भारती

## मोदीजी ने नागरिकों को डिजिटल जागरूकता और सावधानी बरतने का संदेश दिया : नीना वर्मा विधायक


चमकता राजस्थान

**राजेश यादव/धार ।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण जिले के सभी 18 मंडलों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया । जिसमें प्रेरणादायी संवाद में प्रधानमंत्री जी ने भारत के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।
इसी क्रम में पीथमपुर के सागौर झोन के वार्ड क्रमांक 23, मोतीनगर बूथ क्रमांक झ 226 पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती एवं विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने धार नगर के बूथ नंबर 62 पर मन की बात कार्यक्रम का131 वाँ संस्करण का श्रवण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा धार नगर सेनापति मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा कालीचरण सोनवानिया मंडल महामंत्री अमित शर्मा बादल मालवीय महेश बोड़ाने समेत मंडल पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।
इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है ।प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नवाचार, स्वदेशी तकनीक, सामाजिक जागरूकता, जन-आंदोलनों और देशवासियों की सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए ''वोकल फॉर लोकल'' तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं समूहों की सराहना की तथा उनके प्रयासों को देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।
विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने बताया कि मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं नवाचार करने वाले उद्यमियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सकारात्मक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही, प्रधानमंत्री जी ने साइबर सुरक्षा को वर्तमान समय की गंभीर चुनौती बताते हुए नागरिकों को डिजिटल जागरूकता और सावधानी बरतने का संदेश दिया। सुरक्षित डिजिटल इंडिया के निर्माण में जनभागीदारी की भूमिका पर भी जोर दिया गया।
कार्यक्रम के जिला संयोजक देवेन्द्र सोनोने ने बताया कि आज के संस्करण को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ जिले के लगभग सभी बूथों पर श्रवण किया । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

### गोमाता को गुड़ खिलाकर मनाया जन्मदिन, युवाओं दिया गोसेवा का संदेश

- शिक्षा के साथ गोसेवा का समन्वय : द्वितीय वर्ष की छात्रा, तीन माह तक दी निःशुल्क सेवा

**जोधपुर राजस्थान/रामाराम पावड़/ओगाला। बाड़मेर/सांचौर।** उपखंड के नजदीकी गंगा जमना गोधाम पथमेडा गोचिकित्सालय समिति स्थित गो ट्रॉमा सेंटर, माखुपुरा,सांचौर में 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को समता खोखर ने अपना जन्मदिन अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज़ में मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया तथा उपस्थित गोसेवकों को गौसेवा का संदेश दिया।




समता खोखर, पिता श्री मोहनलाल जी खोखर बिश्नोई, निवासी साहू एवं डऊकिया की ढाणी, हेमागुड़ा (सांचौर) की रहने वाली हैं। वे कामधेनु वेटेनरी (पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान) कॉलेज सांचौर की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने गत तीन माह तक उक्त गोचिकित्सालय समिति में निःशुल्क वेटेनरी सहायक डॉक्टर के रूप में सेवाएं प्रदान की थीं तथा आगे भी समय-समय पर गोसेवा देने का संकल्प व्यक्त किया।
समता ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। पिछले दिनों सांचौर में चले खेजड़ी बचाओ आंदोलन में उन्होंने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई थी।
इस अवसर पर समता ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को यदि सेवा और संस्कार से जोड़ा जाए तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने युवाओं से आ''ान किया कि वे अपने जीवन में गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा को प्राथमिकता दें।
गोसेवकों ने समता के इस प्रेरणादायी प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिसर में सादगीपूर्ण वातावरण में सेवा कार्य किए गए। इस मौके पर डॉ. नरसीराम पुरोहित, रामाराम पावड़, कैलाश बिश्नोई, भेराराम मूंढ, सुभाष बिश्नोई, मगाराम जाट सहित समस्त ग्वाला परिवार उपस्थित रहे।

### लखीसराय के जीतेन्द्र पासवान जी बने रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष

जोधपुर राजस्थान

**लखीसराय/सौरव कुमार।** रालोजपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस जी ने बिहार के लखीसराय जिला अंतर्गत खैरा गाँव के निवासी जितेंद्र पासवान जी को अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है` जीतेन्द्र पासवान जी के अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने से बिहार राज्य के दलित, बंचित और आदिवासी समुदाय में संगठन का जल्द विस्तार होगा।



# मां भारती रक्षा मंत्र संस्थान व सनातन परिवार के तत्वाधान में 41 फीट ऊंची बालाजी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर/ किशनगढ़।** मा भारती रक्षा मंच संस्थान व सनातन परिवार के तत्वावधान में रविवार को मयूरा सिटी में बालाजी धाम में राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के मुख्य आतिथ्य व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में 41 फीट ऊंची बालाजी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि कलयुग में हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार माना जाता है । हनुमान सरीखा दास दुनिया में अन्यत्र नहीं है । प्रभु राम जी महाराज की सेवा करना, राम जी के लिए सब कुछ करना ही उनका ध्येय रहा । हनुमान जी की भक्ति से प्रभु श्री राम को पाया जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मां भारती रक्षा मंच संस्थान द्वारा 41 फीट ऊंची बालाजी की मूर्ति के अनावरण के साथ-साथ ओल्ड एज डे केयर व इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सालय के शुभारंभ की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की । केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार पर जोर देते हुए कहा हिंदू धर्म में भारतीय संस्कृति में संस्कारों से ओत प्रोत शिक्षा बच्चों को दी जाती है जिसके फलस्वरूप ही भारत की दुनिया भर में अलग पहचान है। कार्यक्रम में श्रीमद् जगतगुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य जी महाराज बल्लभगढ़ वालों ने अपने आशीर्वचन में हनुमान महिमा को विस्तार से बताया । उन्होंने हनुमान को श्री



राम का दास बतलाते हुए कहा कि मान-- सम्मान के दास का नाम हनुमान है । पुष्कर के समताराम महाराज ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारतीय संस्कृति को संरक्षित रखने का कार्य किया, जिसके चलते भारतवर्ष की दुनिया भर में अलग ही पहचान है ।उन्होंने कहा कि हम सब एक बने, नेक बने और संगठित होकर गौ माता की सेवा करें। इससे पूर्व कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पवन दास महाराज, परशुराम महाराज, फतेहगीरी महाराज, घनश्याम दास महाराज, निरंजन नाथ महाराज, वासुदेव महाराज व अवधेश दास महाराज सहित संत महात्माओं का समाजसेवी आनंदीलाल भरतीया,विजय कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश कालिका, मुरलीधर अग्रवाल,बाबू भाई महनोत, उत्कर्ष अग्रवाल, अनिल लड्ढा, मंच संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा, अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह चौहान, श्याम मनोहर पाठक, रमेश चंद गहलोत, विष्णु दत्त शर्मा, गोवर्धन सिंह तित्यारी,धीरज सैनी, सूर्यप्रकाश शर्मा, विनोद झंवर,विशेष कुमावत, अशोक कुमार, मनोज आर्य,पवन जोशी, अशोक शर्मा स्वयंसेवक संघ जयपुर के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर, राजवीर सिंह, तुलसी नारायण, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक बाबा निरंजन नाथ, मां भारती महिला रक्षा मंच से सरोज शर्मा, बिंदु सोमानी, कुसुम कोठारी, नीतू बल्दुआ, डॉ. मंजू राठी, डॉ. सविता कश्यप, सुषमा परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

दादी धाम में वसुंधरा राजे ने लिया आशीर्वाद।
कार्यक्रम से लौटते समय नजदीक स्थित दादी धाम में राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी सहित विशिष्ट जन ने दादी धाम में विराजित रानी सती, सालासर बालाजी, गणेश जी महाराज व शिव पंचायतन के धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दादी धाम अध्यक्ष आनंदीलाल भरतीया, विजय कुमार अग्रवाल, अग्रवाल समाज संस्था अध्यक्ष अमित अग्रवाल मुरलीधर अग्रवाल पंजाब मार्बल वाले व हरिओम अग्रवाल ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया व दादी धाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।

## संक्षिप्त समाचार

### जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज ने की हैरिटेज वाक



**जोधपुर राजस्थान/मनीष मेहता/जयपुर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज पिछले कई वर्षों से अनवरत सेवा कार्य के साथ साथ ग्रुप के सदस्यों मनोरंजन और फेलोशिप और आपसी समन्वय के कार्यक्रम का आयोजन करता रहता है। उसी कड़ी में फेडरेशन-9 ऑफिसर एव इमीडियेट फॉर्मर प्रेसिडेंट निरूपा पटवा द्वारा ,ग्रुप एवं आम जन के लिए पुरातत्व संरक्षण और नवाचार की भूमिका निभाते हुए हेरिटेज वाक का आयोजन का आयोजन किया गया

आज की सरकार में नाइट टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा हे ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले ।

यह कार्यक्रम सुबह छ बजे घंटाघर से आरंभ कीया गया और पंचमुखी बालाजी ,घोड़ा घाटी विभिन्न क्षेत्रों से लेकर शहर के भीतरी प्रमुख स्थलों पचेटिया हिल ,तूर जी का झालरा आदि स्थानों पर भ्रमण किया गया। जिसमें कि अध्यक्ष तारा सोलंकी सचिव पूनम राठी कोषाध्यक्ष चन्द्रा जैन उपाध्यक्ष संतोष लुंकर , जया जैन का प्रमुख सहयोग रहा राजस्थान की कालिका पेट्रोलिंग टीम का भी सहयोग रहा और उनको को भी सम्मानित किया गया और महिलाओं की सुरक्षा व दायित्व बताए गए एव राज कॉर्प ऐप डाउनलोड करवाया गया। एसीपी सुनील पवार , ग्रुप के यूनिट डायरेक्टर अशोक मेहता , समाजसेवी कपिल पटवा ,नितिन जैन ,पंकज भंसाली ,सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों की एवं टीम की उपस्थिति के साथ ही प्रोफेशनल गाइड गौरव सोलंकी ,अर्चना सोनी ,शिवानी शर्मा ,अक्षत शर्मा ,दिनेश सोनी आदि के साथ इस कार्यक्रम का शानदार और भव्य आयोजन किया गया

- **कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार की व्यवस्था की गई**

कार्यक्रम में अस्सी से ज़्यादा महिलाओं व पुरुषों से सहभागिता निभाई फोटो ग्राफर कृष्ना जाजपरा द्वारा मोमेंट्स को कैप्चर किया गया शहर की इस विरासत को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसका प्रयास किया गया।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों पर सफाई कर्मचारी हड़ताल का हुआ समाधान

- **शहर की सफाई व्यवस्था शीघ्र होगी पूर्णतः सामान्य**



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** अजमेर शहर में गत दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का समाधान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निरंतर प्रयासों और निर्देशों के बाद सर्वसम्मति से हो गया है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ तथा जिला कलक्टर लोकबंधु के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में कर्मचारियों की मांगों, शहर की स्वच्छता व्यवस्था तथा आमजन को हो रही असुविधा पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। देवनानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का समाधान संवाद, समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को शीघ्र सामान्य किया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने शहर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले दिनों से विभिन्न वार्डों में जमा कचरे को हटाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों एवं संसाधनों की व्यवस्था की जाए। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर सफाई कार्य को तेज गति से प्रारंभ करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इससे शीघ्र ही संपूर्ण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर लौटने की संभावना है। देवनानी ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी जायज मांगों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाना आवश्यक है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आमजन को मूलभूत सेवाओं में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

## लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत से झूठ बोलकर भागे कांग्रेसी नेताः अरूण चतुर्वेदी

# डोटासरा और जूली ने एक बार फिर साबित किया कांग्रेसियों का झूठ बोलो और भाग जाओ वाला चरित्रः अरूण चतुर्वेदी

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कांग्रेस नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का चरित्र ''झूठ बोलो और भाग जाओ'' का रहा है। हाल ही में राजस्थान विधानसभा में हुए घटनाक्रम ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने चेहरे से नकाब हटने के डर से लोकतंत्र की हत्या की, झूठ बोला, हंगामा किया और 8 करोड़ प्रदेशवासियों के धन का दुरुपयोग करते हुए सदन का समय नष्ट किया। इतना ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एक बार फिर अपने ही दल के षड्यंत्र में फंसते नजर आए। गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने सदन में हंगामा कर जूली को बोलने से रोकने का प्रयास किया, जो कांग्रेस की आंतरिक कलह को दर्शाता है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड सदन में प्रस्तुत कर तुलनात्मक बहस की चुनौती दी थी, लेकिन कांग्रेस के पास जवाब न होने के कारण उन्होंने सदन में हंगामा कर कार्यवाही बाधित की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज 'सरकार @ 2 वर्ष प्रगति एवं उत्कर्ष 2024-25-26' को 16 फरवरी को कार्य सलाहकार समिति की बैठक में सभी सदस्यों के समक्ष रखा गया था। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक यह दस्तावेज सभी विधायकों को उपलब्ध कराया गया। इसके बावजूद कांग्रेस ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। 21 फरवरी को जब इस विषय पर चर्चा शुरू हुई तो कांग्रेस ने हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित की। चतुर्वेदी ने कहा कि यह घटनाक्रम स्पष्ट करता है कि कांग्रेस का आचरण लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और वह तथ्यों पर बहस से बचने का प्रयास कर रही है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र–2023 के 392 बिंदुओं में से लगभग 285, यानी करीब 73 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं या कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार भाजपा सरकार की बजट घोषणाओं में से लगभग 66 प्रतिशत घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने दो वर्षों में 2719 बजट घोषणाएं कीं, जिनमें से 90 प्रतिशत की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं। इसके विपरीत, पिछली कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में 4148 घोषणाएं की थी, जिनमें से 2208 (लगभग 53 प्रतिशत) पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने अंतिम वर्ष 2023झ24 में 1426 घोषणाएं कीं, जिनमें से 1142 (करीब 80 प्रतिशत) पर कोई कार्य नहीं हुआ। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक उपस्थित रहें।

# 'रस रंग बरसे' में सुरों की फुहार, शंकर गर्ग ने मुंह से निकाली घुंघरू की ध्वनि

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** फागुन की रंगत में डूबी संगीतमय संध्या 'रस रंग बरसे' ने रविवार को महाराणा प्रताप सभागार को सुरों और उत्साह से भर दिया। कल्चरल सोसायटी ऑफ राजस्थान (रजि.) के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के नामचीन गायकों ने होली और प्रेम के गीतों से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम से पहले हाई टी के दौरान ही उत्सव का माहौल बन चुका था। संध्या की विशेष प्रस्तुति शंकर गर्ग की रही। उन्होंने मुंह से ही घुंघरू की ध्वनि निकालकर ऐसा समां बांधा कि सभागार तालियों से गूंज उठा। उनकी इस अनोखी शैली ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम की यादगार झलक बन गई।

मुकेश पारिक ने 'भोले ओ भोले' से शुरुआत की। पिंकी सूरी देवाना ने 'जारे जा ओ हरजाई', राजेन्द्र परनामी ने 'पुकारता चला हूं मैं' और मनोज ममनानी ने 'होलियां में उड़े रे गुलाल' से फागुनी रंग बिखेरे। प्रियंका काला ने 'पिया तोसे नैना लागे रे', भारती शर्मा ने 'जवाँ है मोहब्बत' और सुमन माथुर ने 'भोर भई पनघट पे' को सुरों से सजाया। दीप प्रज्वलन के पश्चात संस्था का परिचय देते हुए महासचिव सुरेश त्रिवेदी ने बताया कि उरफ राजस्थान की एकमात्र सांस्कृतिक संस्था है जो पिछले 68 वर्षों से लगातार कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना राजेन्द्र परनामी, संयोजन शंकर गर्ग एवं मंच सञ्चालन गौरव शर्मा का था।

दिया माहेश्वरी की 'छाप तिलक सब छीनी', सतीश जैन के 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली', यशवर्धन के 'चालत मुसाफिर मोह लियो रे', लक्ष्मण वाधवानी के 'मेरे पैरों में घुंघरू', ममता झा के 'मैंने रंग ली आज चुनरिया' और शशि परनामी के 'होली आई रे कन्हाई' ने माहौल को रंगमय बनाए रखा। संस्था के पदाधिकारी एस.एस. भूतड़ा, एमजेएफ लायन डॉ. एल. सी. भारतीय और सुरेश त्रिवेदी ने कलाकारों का सम्मान किया। संध्या में शास्त्रीयता, फिल्मी धुनों और लोक-रस का सुंदर संगम देखने को मिला, जिसने फागुन के आगमन को सुरों के साथ खास बना दिया।

# 'मन की बात' लोगों को ध्यान में रखकर सोचने के लिए एक जगाने का कॉल है: भाजपा नगरसेवक अमित सुरैया

जोधपुर राजस्थान



**अरविंद कोठारी/ ठाणे।** ठाणे के प्रभाग ने 15 के नगरसेवक अमित सुरैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम को देखने के लिए अपनी ऑफिस में बड़े पैमाने पे इंतजाम किया गया था उस वक्त नगरसेवक अमित सुरैया ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम लोगों को ध्यान में रखकर सोचने के लिए एक हाई-लेवल वेक-अप कॉल है और समाज के अलग-अलग प्रेरणा देने वाले टॉपिक पर सीधे जनता से बातचीत करने का एक असरदार ज़रिया है।

फरवरी में 'मन की बात' प्रोग्राम के ज़रिए मोदी ने 'अकइम्पैक्ट समिट' में सफल अकपहल, T-20 वर्ल्ड कप में भारतीय मूल के खिलाड़ियों का दबदबा, ऑर्गन डोनेशन के लिए मिसाल कायम करने वाले बच्चे की प्रेरणा देने वाली कहानी और बैंकों के ङ उ प्रोसेस पर ज़रूरी गाइडेंस दी थी।

इस प्रोग्राम का लाइव ब्रॉडकास्ट मेरे पब्लिक रिलेशन ऑफिस में ऑर्गनाइज़ किया गया था। इस मौके पर मुझे BJP के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर मोदी के प्रेरणा देने वाले विचार सुनने का मौका मिला। यह प्रेरणा देने वाला डायलॉग निश्चित रूप से देश के विकास, जनता की भलाई और जनता की भागीदारी के लिए एक गाइड है।

### रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम नौजवान हिदायत हेल्पिग ग्रुप ने शहरी किट,का किया वितरण



**जोधपुर राजस्थान/(साबिर मोहम्मद)/गंगापुर,सिटी।** में नौजवान हिदायत हेल्पिग ग्रुप ने, रमजान के पवित्र महीने में गरीब यतीम बच्चों एवं विधवा महिला एवं जरूरतमंदों को, राशन की किट और विधवा औरतों को और बच्चों को ईद के लिए कपड़े और जूते भी दिए जा रहे हैं हेल्पिग ग्रुप के जिम्मेदार साथी हाफिज उमेर, ने बताया कि हिदायत हेल्पिग ग्रुप पिछले 3 साल से हर वर्ष रमजान के माह में, गरीब यतीम विधवा बच्चों को, रमजान मुबारक के महीने में रोजे से रहने और सुबह शहरी करने के लिए ,2 किलो चीनी 2 किलो चावल 1 किलो पोहे 500 ग्राम पास्ता, 500 ग्राम चने की दाल ब 1किलो बेसन 500 ग्राम सहमेई,का,पैकेट,, 500 ग्राम खजूर, एक नमक की थैली एक किलो रिफाइंड,, तेल एक टोस का पैकेट,5 किलो आटा कट्टा इसी तरह किट तैयार की गई है 80 से 100 किटों को आसपास के क्षेत्र में जरूरतमंदों को रात के समय घर-घर जाकर वितरण करते हैं ताकि मदद लेने वाले को शर्मिंदगी महसूस ना हो,, ग्रुप के साथी हाफिज उमेर मौलाना फरहाद सलमान चौधरी इरफान रानोली एचडीएफसी बैंक साबिर अब्बास,तालीम अब्बास, आबिद अली आबिद अब्बासी रहमान भाई, नईम अल्ताफ आदि शोएब खेलदार आसिफ माहिर चौधरी साथी मौजूद रहे।

### सुरेश कश्यप रावणा राजपूत समाज महा संगठन के कन्वीनर नियुक्त

**चमकता राजस्थान/रावणा।** राजपूत समाज महा संगठन के महासचिव विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत ने संगठन कि महान परम्पराओं को आत्मसात का संदेश सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को इंगित करते हुए व संगठन के दूरगामी हितों के मध्य नजर अनुशासन कमेटी का तत्काल प्रभाव से गठन कर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए एक निष्पक्ष अधिवक्ता सुरेश कशयप एडवोकेट राजस्थान हाईकोर्ट को कन्वीनर नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी।

## सांभर लेक और चिश्ती परंपराः

# हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती (जिगर सोख्ता) का ऐतिहासिक अध्ययन

जर्नलिस्ट एजाज़ अहमद उस्मानी की क़लम से

भारत में सूफी आंदोलन ने मध्यकालीन समाज को गहराई से प्रभावित किया। यह आंदोलन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का माध्यम भी बना। राजस्थान की ऐतिहासिक भूमि सांभर, जो प्राचीन काल से नमक उत्पादन और व्यापार का प्रमुख केंद्र रही है, सूफी संतों की आध्यात्मिक गतिविधियों का भी साक्षी रही है। इसी पावन क्षेत्र में स्थित है हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती (रहमतुल्लाह अलैह) की दरगाह, जिन्हें इतिहास और परंपरा में ''जिगर सोख्ता'' के नाम से जाना जाता है।


- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और कालखंड**

हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती का संबंध 12वींझ13वीं शताब्दी के उस दौर से माना जाता है, जब भारत में चिश्ती सूफी सिलसिले का विस्तार हो रहा था। यह वही काल था जब दिल्ली सल्तनत की स्थापना हो रही थी और सामाजिक ढाँचा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था।

वे हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर शरीफ) के पौत्र थे, जिनका भारत में सूफीवाद स्थापित करने में ऐतिहासिक योगदान रहा। ख्वाजा गरीब नवाज़ के पश्चात उनके परिवार और खुलफ़ा ने चिश्ती विचारधारा को उत्तर भारत और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में फैलाया, जिनमें सांभर प्रमुख केंद्र रहा।

- **'जिगर सोख्ता' की उपाधि का ऐतिहासिक अर्थ**

''जिगर सोख्ता'' फ़ारसी मूल का शब्द है, जिसका अर्थ है – ईश्वर के प्रेम में जला हुआ हृदय। यह उपाधि किसी सांसारिक उपलब्धि के कारण नहीं, बल्कि कठोर साधना, त्याग और आत्मिक तपस्या के कारण दी जाती थी।



ऐतिहासिक सूफी परंपरा के अनुसार, ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती ने सांसारिक सुखों से दूरी बनाकर फ़क़ीरी जीवन अपनाया और अपना अधिकांश जीवन इबादत, ध्यान और जनसेवा में व्यतीत किया।

सांभर का ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्व

सांभर प्राचीन काल से ही एक महत्वपूर्ण नगर रहा है। चौहान राजाओं के समय से यह क्षेत्र व्यापार, विशेषकर नमक व्यापार, का बड़ा केंद्र था। इस क्षेत्र में विभिन्न समुदायों और संस्कृतियों का मिलन होता था।

ऐसे बहुसांस्कृतिक वातावरण में सूफी संतों की उपस्थिति ने सामाजिक संतुलन स्थापित किया। ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती ने यहाँ रहकर प्रेम, सह-अस्तित्व और मानवीय समानता का संदेश दिया, जिससे स्थानीय जनमानस प्रभावित हुआ।

- **दरगाह का ऐतिहासिक विकास**

हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती के विसाल (देहांत) के पश्चात उनकी मजार को श्रद्धा का केंद्र बनाया गया। कालांतर में उनके अनुयायियों और स्थानीय शासकों के सहयोग से दरगाह का विकास हुआ।

यह दरगाह चिश्ती परंपरा की उस विशेषता को दर्शाती है जिसमें आडंबर की बजाय सादगी और सेवा को महत्व दिया गया। ऐतिहासिक रूप से यह स्थान केवल इबादत का केंद्र नहीं, बल्कि यात्रियों, गरीबों और ज़रूरतमंदों के लिए आश्रय स्थल भी रहा है।

उर्स की ऐतिहासिक परंपरा

सूफी परंपरा में उर्स को संत के ईश्वर से मिलन का दिन माना जाता है। ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती का उर्स सदियों से मनाया जाता आ रहा है।

इतिहास में उर्स केवल धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर भी होता था। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग एकत्र होते थे, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता था। लंगर की परंपरा ने सामाजिक समानता की भावना को और मजबूत किया।

- **चिश्ती सिलसिले में स्थान**

चिश्ती सिलसिला भारत में सबसे प्रभावशाली सूफी परंपराओं में से एक रहा है। इसकी विशेषता रही है –

सत्ता से दूरी

जनभाषा में उपदेश

प्रेम और करुणा पर बल

हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती इसी परंपरा के प्रतिनिधि थे। उन्होंने अपने जीवन और आचरण से चिश्ती सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा, जिससे यह सिलसिला जनसामान्य में गहराई तक स्थापित हुआ।

- **निष्कर्ष**

ऐतिहासिक दृष्टि से हज़रत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती (जिगर सोख्ता) केवल एक संत नहीं, बल्कि मध्यकालीन भारतीय समाज को जोड़ने वाली आध्यात्मिक कड़ी थे। सांभर लेक के समीप स्थित उनकी दरगाह आज भी उस युग की याद दिलाती है, जब सूफी संतों ने प्रेम और इंसानियत के माध्यम से समाज को दिशा दी।

उनकी विरासत इतिहास, अध्यात्म और सांस्कृतिक समन्वय का अमूल्य अध्याय है।

राजस्थान की सामाजिक समरसता, सौहार्द परंपरा बनाम नफरती ध्रुवीकरण की राजनीति

# टोंक में गरीब महिला से कंबल वापस लेने का मामला: पूर्व सांसद जौनापुरिया के संकीर्ण आचरण पर सियासी घमासान

चमकता राजस्थान

**जयपुर! ( खलील कुरैशी)** टोंक के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया से जुड़ा एक वीडियो/घटना सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। आरोप है कि उन्होंने एक गरीब मुस्लिम महिला को दिया गया कंबल वापस ले लिया और उसके साथ अपमानजनक व्यवहार किया। इस घटना को लेकर विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे न केवल अमानवीय बल्कि राजनीतिक मानसिकता का प्रतिबिंब बताया है।

- **मानवीय संवेदना या राजनीतिक प्रदर्शन?**

सर्द मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करना सामाजिक दायित्व और सेवा का कार्य माना जाता है। किंतु यदि उसी सहायता को दिखावे या शर्तों के साथ जोड़ा जाए और बाद में अपमानजनक ढंग से वापस लिया जाए, तो यह जनप्रतिनिधि के आचरण पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गरीब व्यक्ति के सम्मान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।



### राजस्थान की परंपरा और सामाजिक समरसता को किया गया हासिये पर

राजस्थान सदियों से गंगा-जमुनी तहजीब, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है। यहां धार्मिक और सामाजिक विविधता के बावजूद आपसी सम्मान और सह-अस्तित्व की परंपरा मजबूत रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की घटना, जिसमें धर्म या समुदाय विशेष से जुड़े व्यक्ति के साथ कथित दुर्व्यवहार सामने आए, राज्य की सामाजिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी परिदृश्य नजदीक आने के साथ ऐसे मुद्दे और अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। छोटे स्तर की घटनाएं भी व्यापक राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाती हैं और दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का कारण बनती हैं।

### घटना ने गरमाई प्रदेश की सियासत

इस प्रकरण के सामने आने के बाद विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाते हुए भाजपा और उसकी विचारधारा पर निशाना साधा है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि जब शीर्ष स्तर पर ध्रुवीकरण और विभाजन की राजनीति को बढ़ावा मिलता है, तो उसका असर जमीनी स्तर पर भी देखने को मिलता है। उनका कहना है कि यह घटना उसी मानसिकता का परिणाम है, जिसमें सहायता भी पहचान के आधार पर दी जाती है और सम्मान को नजरअंदाज किया जाता है।

हालांकि भाजपा की ओर से अभी तक आधिकारिक विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन पार्टी से जुड़े कुछ नेताओं ने इसे ''राजनीतिक रंग देने की कोशिश'' बताया है।

### जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर उठे प्रश्न

सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दें। गरीब और जरूरतमंद नागरिकों की सहायता करते समय सम्मान, संवेदनशीलता और समान व्यवहार सर्वोपरि होना चाहिए।

यह प्रकरण केवल एक कंबल या एक व्यक्ति का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीतिक संस्कृति, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व की नैतिकता पर बहस का विषय बन चुका है।

### संकीर्ण सोच वाली राजनीति बनाम मानवीय मूल्य

टोंक की यह घटना प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ रही है—क्या राजनीति सेवा का माध्यम है या सामाजिक विभाजन का उपकरण? क्या सहायता और सम्मान साथ-साथ चलेंगे या पहचान की राजनीति हावी रहेगी?

आमजन की अपेक्षा स्पष्ट है—गरीब की कोई जाति या धर्म नहीं होता। उसे केवल सम्मान और सहयोग की आवश्यकता होती है। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने मीणा पेट्रोल पंप के पीछे बदनपुरा में 1.5 बीघा सरकारी भूमि कराया अतिक्रमण मुक्त

- **महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में जेडीए की जोन-10 व जोन-05 में सख्त कार्रवाई, अवैध निर्माण ध्वस्त व सील**

**चमकता राजस्थान /जयपुर। (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने रविवार को शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए जोन-10 और जोन-05 में तीन स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की। बदनपुरा क्षेत्र में 1.5 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जबकि पंचवटी कॉलोनी में अवैध निर्माण को पुख्ता सील किया गया और गोविंदपुरी में सड़क सीमा पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।राहुल कोटोकी, महानिरीक्षक पुलिस ने बताया कि जोन-10 के अंतर्गत मीणा पेट्रोल पंप के पीछे खसरा नं. 521/1 की सरकारी भूमि पर निर्माणाधीन मकान का ढांचा जेसीबी की सहायता से हटाकर भूमि को कब्जे में लिया गया। मौके पर तारबंदी कर जेडीए स्वामित्व के बोर्ड लगाए गए।जोन-05 में गुर्जर की थड़ी, पंचवटी कॉलोनी (प्लॉट नं. 58) पर जीरो सेटबैक उल्लंघन के मामले में जेडीए एक्ट की धारा 32, 33 व 34(क) के तहत नियमानुसार प्रवेश द्वारों को चिनवाकर पुख्ता सीलिंग की गई। वहीं गोविंदपुरी (प्लॉट नं. बी-17) में सड़क सीमा पर बनाई गई बाउंड्रीवाल, चबूतरा और गेट को ध्वस्त किया गया।यह कार्रवाई उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, संबंधित प्रवर्तन अधिकारियों एवं राजस्व-तकनीकी स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा संपादित की गई। जेडीए ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रखने की बात कही है।

कोटा महोत्सव 2026,

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की चंबल महाआरती

- **10 हजार मिट्टी के और 10 हजार आटे के दीपों से हुआ चंबल में दीपदान**



**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 फरवरी।** कोटा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार की शाम को चंबल रिवर फ्रंट के पश्चिमी घाट पर चंबल महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया सहित अन्य गणमान्य जनों ने चम्बल माता की आरती की।आचार्य पंडित संजय चतुर्वेदी एवं 21 अन्य पंडितों के समूह द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ चम्बल माता की आरती की गई। जगमग दीपों की पंक्तियों से चंबल नदी के घाट जीवंत हो उठे। आरती के बाद दीपदान किया गया, जिसने पश्चिमी घाट को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

रिवर फ्रंट पर सांस्कृतिक संध्या में गणेश वंदना फिर पुलिस एवं आरएसी बैंड द्वारा दी गई प्रस्तुति गई। चंबल महा आरती में होटल फेडरेशन कोटा संभाग के अध्यक्ष अशोक मांहेश्वरी, ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश राठी, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, एडीएम सिटी अनिल सिंघल सहित अन्य ने भी आरती की। महाआरती का आयोजन कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा किया गया। हजारों श्रद्धालु पश्चिमी घाट पर आरती और दीपदान के इस दिव्य आयोजन के साक्षी बने।

सैकड़ों दीपों की जगमगाहट ने चंबल नदी के किनारों को दिव्यता से भर दिया। आमजन ने दीप प्रवाहित कर श्रद्धा प्रकट की।

# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जयपुर की अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

## राजनैतिक दलों को सभी विधानसभाओं के क्षेत्रों के मतदाताओं की सूची उपलब्ध करवा दी गयी

### मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील:- डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी




चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 21 फरवरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। इसके अंतर्गत 04 नवंबर 2025 से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण सम्पन्न हुआ तथा 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जयपुर जिले में उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 42,87,103 थी।

16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त की गईं थीं

आयोग के कार्यक्रमानुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त की गईं। इस अवधि में जयपुर जिले में कुल 1,57,431 फॉर्म-6/6अ, 21,436 फॉर्म-7 तथा 47,834 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की सूचियाँ फॉर्म-9, 10, 11, 11ए एवं 11बी में तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गईं। प्रति सप्ताह प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की सूचियाँ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा की गईं तथा इन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण कर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। प्रारूप सूची में 42,87,103 मतदाताओं की तुलना में 3.45 प्रतिशत वृद्धि के साथ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 44,35,111 हो गई है। इनमें 23,04,523 पुरुष, 21,30,509 महिला तथा 79 ट्रांसजेंडर मतदाता सम्मिलित हैं।

राजनैतिक दलों को सभी विधानसभाओं के मतदाताओं की अंतिम मतदाता सूची उपलब्ध करवा दी गयी

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। यह सूची ऊ्रड जयपुर की वेबसाइट (https://jaipur.rajasthan.gov.in), CEO राजस्थान की वेबसाइट (https://election.rajasthan.gov.in) तथा Election Commission of India के मतदाता पोर्टल(https://voters.eci.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध है। कोई भी मतदाता एढक्ढ सर्च के माध्यम से अपना नाम ऑनलाइन देख सकता है।मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा संशोधन कराना एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए फॉर्म-6 (घोषणापत्र सहित), फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 ECINet App अथवा Voters Portal (https://voters.eci.gov.in) पर ऑनलाइन या संबंधित बीएलओ के माध्यम से भरे जा सकते हैं।

मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अंतर्गत की जा सकती है। प्रथम अपील अंतिम प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में द्वितीय अपील 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है।

### जयसिंहपुरा खोर स्थित एबीसी सेंटर का निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने किया औचक निरीक्षण

- **स्वच्छता, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई पर दिया सख्त संदेश**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी), 22 फरवरी।** नगर निगम जयपुर के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने रविवार को जयसिंहपुरा खोर स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (अइउ) सेंटर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्वानों के रख-रखाव, उपचार व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।इस अवसर पर उपायुक्त (पशु प्रबंधन) अनीता मित्तल, हवा महल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- **भवन सुधार और निगरानी तंत्र मजबूत करने के निर्देश**

आयुक्त ने केंद्र भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने पर जोर दिया।

- **पशु कल्याण केंद्रों में स्वच्छता सर्वोपरि**

डॉ. सैनी ने केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पशु कल्याण से जुड़े संस्थानों में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। नियमित सफाई, संक्रमण नियंत्रण और पशुओं की समुचित देखभाल सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

- **शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर उसे नियमित रूप से अपडेट रखने तथा प्रत्येक शिकायत कॉल पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता अनिवार्य है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यह औचक निरीक्षण निगम प्रशासन की सक्रियता, पारदर्शिता और पशु कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश देता है।

मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड 2026 में जयपुर की प्रतिभाओं ने बढ़ाया गौरव: मीडिया जगत में छायी खूशी की लहर

# डॉ. मोनिका शर्मा व अवधेष अकोदिया को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली स्थित प्यारेलाल भवन (पीएलबी) ऑडिटोरियम में आयोजित मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड 2026 समारोह में देशभर से चयनित 20 पत्रकारों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में जयपुर की दो पत्रकार हस्तियों ने विशेष उपलब्धि हासिल कर राजस्थान का मान बढ़ाया।फ्रीलांस पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. मोनिका शर्मा को 'बेस्ट फीमेल फ्रीलांस जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर' अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं, खोजी पत्रकारिता में उल्लेखनीय कार्य के लिए दैनिक भास्कर के संवाददाता अवधेष अकोदिया को 'बेस्ट जर्नलिस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण शर्मा एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष आनंदपाल तोमर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन की गतिविधियों, पत्रकार हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा मीडिया की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। देशभर से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी सम्मान किया गया समारोह के मुख्य अतिथि आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं मोटिवेशनल स्पीकर आचार्य मनीष ने स्वास्थ्य संरक्षण, सकारात्मक जीवनशैली और आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता के संकल्प को दोहराया।यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि राजस्थान की सक्रिय, सशक्त और जिम्मेदार पत्रकारिता की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति का प्रतीक भी है। मीडिया जगत में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह और गर्व का वातावरण है।





## संक्षिप्त समाचार

### सनातन संस्कृति नैतिकता और मानवता की आधारशिला :- देवनानी

- **हरिशेवा धाम में सनातन मंगल महोत्सव व दीक्षा दान समारोह में सहभागिता**




**चमकता राजस्थान/जयपुर/भीलवाड़ा !(खलील कुरैशी) 22 फरवरी।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति भारत की प्राचीन आध्यात्मिक धारा है, जिसने सदैव समाज को नैतिकता, कर्तव्य और मानवता का मार्ग दिखाया है। भारत की पहचान उसके संस्कारों से है, जहां नारी सम्मान, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक सद्भाव को विशेष महत्व दिया जाता है।हरिशेवा धाम में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन जीवन को दिशा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। गौसेवा, यज्ञ-हवन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम समाज में नैतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं देवनानी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा कि भारत को विश्व का मार्गदर्शक राष्ट्र बनना है। उन्होंने मानव जीवन को सेवा, सदाचार और परोपकार से सार्थक बनाने का आ''ान किया।इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी सहित संत-महात्मा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन 'नॉक आउट' का असरः 7.71 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, 1.20 लाख रुपये जब्त

- **डीएसटी और सामोद थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, मौरिजा में टी-स्टॉल के पास रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी**

**चमकता राजस्थान/ जयपुर! ( खलील कुरैशी)।** जयपुर ग्रामीण जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नॉक आउट' के तहत पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। डीएसटी टीम और सामोद थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक और भारी नकदी बरामद की है।

- **गुप्त सूचना पर की गई सुनियोजित कार्रवाई**

पुलिस को 22 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम मौरिजा स्थित स्टेट हाईवे पर एक टी-स्टॉल के पास एक व्यक्ति स्मैक की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए डीएसटी और सामोद थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 7.71 ग्राम स्मैक बरामद हुई। नकदी भी जब्त पुलिस ने आरोपी के पास से 1,20,000 रुपये नकद भी जब्त किए हैं, जो प्रारंभिक जांच में स्मैक बिक्री से संबंधित बताए जा रहे हैं।

- **आरोपी की पहचान और कानूनी कार्रवाई**

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन कुमार (33 वर्ष), निवासी मौरिजा के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

- **सप्लाई नेटवर्क की जांच**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह स्मैक कहां से लाता था और किन-किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई करता था। जांच में संभावित नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

- **जयपुर ग्रामीण पुलिस का स्पष्ट संदेश अभियान रहेगा जारी**

जयपुर ग्रामीण पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। ऑपरेशन 'नॉक आउट' के तहत ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।इस सफल कार्रवाई में सामोद थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम के अधिकारियों और जवानों की विशेष भूमिका रही।

दिनेश चंद्र गुप्ता पर कमिश्नर मेहरबान क्यों? प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवालः

# जयपुर निगम में कार्यरत दिनेश चंद्र गुप्ता का प्रमोशन के बाद भी दोहरी कुर्सी का अद्भुत और अचंभित कमाल!

## अधिशासी अभियंता बने, फिर भी सिविल लाइंस जोन के अधीक्षण अभियंता का प्रभार बरकरार

चमकता राजस्थान

- **क्या यह कार्यकुशलता का उदाहरण है या फिर "कुर्सी प्रबंधन" का नया मॉडल?**
- **प्रमोशन या पदों का 'कम्बाइन पैकेज'? या सामान्यतः पदोन्नति?**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर प्रशासन में इन दिनों एक अनोखी व्यवस्था चर्चा और जिज्ञासा का विषय बनी हुई है। अधीक्षण अभियंता से अधिशासी अभियंता पद पर पदोन्नत हुए दिनेश चंद्र गुप्ता को जहां नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं पुरानी कुर्सी यानी सिविल लाइंस जोन अधीक्षण अभियंता का प्रभार भी उनके पास ही बरकरार है। एक ही अधिकारी के पास दो-दो महत्वपूर्ण पदों का दायित्व होना प्रशासनिक हलकों में कई सवाल खड़े कर रहा है।क्या यह कार्यकुशलता का उदाहरण है, या फिर "कुर्सी प्रबंधन" का नया मॉडल?प्रमोशन या पदों का 'कम्बाइन पैकेज'? सामान्यतः पदोन्नति के बाद अधिकारी को नए पद पर नियमित रूप से कार्यभार ग्रहण कर पूर्व पद से मुक्त किया जाता है। परंतु यहां स्थिति कुछ भिन्न दिखाई देती है। अधिशासी अभियंता बनने के बावजूद अधीक्षण अभियंता का प्रभार भी उन्हीं के पास है।

- **इस व्यवस्था को लेकर कई प्रश्न उठ रहे हैं–**

क्या विभाग में अधिकारियों की कमी है? या फिर क्या यह केवल अस्थायी व्यवस्था है?या फिर यह विशेष विश्वास का परिणाम है कि दो महत्वपूर्ण पद एक ही अधिकारी को सौंप दिए गए?इन सवालों का अब तक कोई अधिकृत और स्पष्ट उत्तर सामने नहीं आया है।

- **अतिरिक्त प्रभार या प्रशासनिक अधिकारो के केन्द्रीयकरण का प्रयोग?**

सूत्रों के अनुसार इसे "अतिरिक्त प्रभार" बताया जा रहा है, किंतु इसकी अवधि, औचित्य और वैधानिक आधार पर सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्टता नहीं है। यदि यह अस्थायी व्यवस्था है तो उसकी समय-सीमा और आदेश सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? प्रशासनिक पारदर्शिता की दृष्टि से ऐसे मामलों में– आदेशों की प्रतिलिपि सार्वजनिक हो, अतिरिक्त प्रभार की अवधि निर्धारित हो, और कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं। अन्यथा यह संदेश जाता है कि नियमों की व्याख्या व्यक्ति विशेष के अनुरूप की जा रही है।कार्यकुशलता पर प्रभाव या अधिकारों का केंद्रीकरण?एक ही अधिकारी के पास दो अहम पदों का दायित्व होना दो तरह के प्रभाव डाल सकता है निर्णय प्रक्रिया में तेजी, यदि समन्वय बेहतर हो।
अधिकारों का अत्यधिक केंद्रीकरण, जिससे संतुलन और जवाबदेही प्रभावित हो सकती है।जब सरकार "सिस्टम सुधार" और "पारदर्शी प्रशासन" की बात करती है, तब ऐसी व्यवस्थाएं प्रशासनिक संतुलन और अवसर की समानता पर प्रश्नचिह्न लगा देती हैं।यदि विभाग में अन्य योग्य अधिकारी उपलब्ध हैं, तो उन्हें जिम्मेदारी का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा? क्या यह प्रतिभा के समुचित उपयोग में कमी नहीं दर्शाता?जवाबदेही किस स्तर पर?सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि

- **इस दोहरे प्रभार की स्वीकृति किस स्तर पर दी गई**

क्या यह कमिश्नर स्तर का निर्णय है?या क्या कार्मिक विभाग की सहमति ली गई है? क्या शासन स्तर पर इसकी जानकारी और अनुमति है? और क्या इसकी स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है?जब तक इन प्रश्नों का अधिकृत स्पष्टीकरण सार्वजनिक नहीं होता, तब तक "कमिश्नर मेहरबान क्यों?" जैसे सवाल उठना स्वाभाविक है।

- **पारदर्शिता ही समाधान**

प्रशासनिक विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि पदस्थापन और अतिरिक्त प्रभार से जुड़े आदेश सार्वजनिक हों,अवधि और कारण स्पष्ट हों,योग्य अधिकारियों को समान अवसर मिले,और निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी हो।अन्यथा प्रमोशन के बाद भी पुरानी कुर्सी पर पकड़ बनाए रखने की यह व्यवस्था प्रशासनिक अनुशासन से अधिक "व्यवस्था विशेष" का उदाहरण बनकर रह जाएगी।अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इन उठते सवालों पर क्या स्पष्टीकरण देता है– या फिर दो कुर्सियों का यह संतुलन यूं ही बना रहता है।

लक्खी फाल्गुन मेले में उमड़ी आस्था, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने संभाली कमान, व्यवस्थाओं का किया गहन निरीक्षण

### 35 लाख श्रद्धालुओं की संभावित आमद के बीच प्रशासन पूर्ण सतर्क

चमकता राजस्थान



**जयपुर/ सीकर!( खलील कुरैशी)।** विश्वविख्यात श्री खाटूश्याम मंदिर में आयोजित लक्खी फाल्गुन मेले के लिए श्रद्धालुओं की आवक प्रारंभ हो चुकी है। आस्था के इस विराट आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारु रूप से संचालित करने हेतु जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था को उच्च प्राथमिकता दी गई है।सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने स्वयं खाटूश्यामजी पहुंचकर संपूर्ण मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव, थानाधिकारी पवन कुमार चौबे, मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान, कमांडो दल एवं पुलिस अधिकारियों के साथ प्रमुख आवक मार्गों, पार्किंग स्थलों, मेला बाजार और मुख्य मंदिर परिसर का जायजा लिया। इस दौरान रूट मार्च कर सुरक्षा तैयारियों का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया।

- **सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण पर विशेष रणनीति**

आगामी दिनों में लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा योजना लागू की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) वीके सिंह द्वारा पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है।संवेदनशील स्थलों पर विशेष तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी, नियमित गश्त, बैरिकेडिंग, नियंत्रित प्रवेश व्यवस्था एवं यातायात डायवर्जन प्लान के माध्यम से भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल भी तैयार रखा गया है।

- **24 घंटे निगरानी, श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि**

मेला क्षेत्र में दिन-रात पुलिसिंग की जा रही है। निरंतर नाइट पेट्रोलिंग, अनुशासित ड्यूटी व्यवस्था और मॉनिटरिंग से श्रद्धालुओं में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ़ हुआ है।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को सहज, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करना प्रशासन का मूल उद्देश्य है।

- **प्रशासन-मंदिर कमेटी का समन्वित प्रयास**

मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि सेवादारों की व्यापक तैनाती की गई है तथा दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रशासन और मंदिर कमेटी के समन्वय से व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं।

- **हेल्पलाइन 24×7 सक्रिय**

श्रद्धालुओं की सहायता हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर निरंतर सक्रिय हैं 112 (आपातकालीन सेवा) 9666780088 (खाटू मेला पुलिस हेल्पलाइन)राजस्थान पुलिस का संकल्प है कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रहे।

एजीटीएफ जयपुर की बड़ी कार्रवाई

## 3 साल से आंखों में धूल झोंक रहा 15 हजारी इनामी तस्कर गिरफ्तार

### अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन के निर्देशन में दिया गया गया कार्रवाई को अंज़ाम

चमकता राजस्थान




जयपुर (खलील कुरैशी) 22 फरवरी। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पुलिस मुख्यालय के विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन के निर्देशन में चल रहे धरपकड़ अभियान के दौरान टीम ने 3 साल से फरार चल रहे 15,000 रुपये के इनामी शराब तस्कर बनवारी लाल विश्नोई उर्फ अभिषेक पुत्र भंवरलाल निवासी रासीसर थाना नोखा जिला बीकानेर को धर दबोचा है।एडीजी एमएन ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई शनिवार, 21 फरवरी को एजीटीएफ के कांस्टेबल मगनाराम की पुख्ता सूचना पर हुई। इनपुट था कि लंबे समय से वांछित अपराधी बनवारी लाल अपने पैतृक क्षेत्र बीकानेर में देखा गया है। सूचना मिलते ही एसपी ज्ञानचंद यादव व एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा के सुपरविजन और डीएसपी फूलचंद टेलर व एएसआई राकेश जाखड़ के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम गठित कर बीकानेर रवाना की गई।

- **भागने की कोशिश हुई नाकाम**

पुलिस टीम जब बीकानेर के नोखा पहुंची, तो पता चला कि आरोपी गांव के पास ही बस स्टैंड पर मौजूद है। जैसे ही बनवारी लाल ने पुलिस की गाड़ियां देखीं, उसने भागने का प्रयास किया। लेकिन पहले से मुस्तैद एजीटीएफ और स्थानीय नोखा पुलिस की टीम ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। दबोचे जाने के बाद आरोपी को अग्रिम कार्यवाही के लिए थाना सिणधरी जिला बालोतरा पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

- **शराब तस्करी का मास्टरमाइंडः पंजाब से गुजरात का नेटवर्क**

गिरफ्तार आरोपी बनवारी लाल उर्फ अभिषेक का नेटवर्क काफी बड़ा है। वह पंजाब से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप फर्जी नंबर प्लेट लगे ट्रकों के जरिए गुजरात सप्लाई करता था। जुलाई 2023 में सिणधरी पुलिस ने एक ट्रक पकड़ा था, जिसमें 924 कार्टून अवैध शराब और 183 कार्टून बीयर बरामद हुई थी। बनवारी लाल खुद ट्रक लोड करवाता था और ड्राइवर राजूराम के जरिए सप्लाई भेजता था। वह पिछले 3 सालों से लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था।

- **इन पुलिसकर्मियों की रही विशेष भूमिका**

डीएसपी फूलचंद टेलर के नेतृत्व में अंजाम दी गई इस कार्रवाई में एएसआई राकेश जाखड़ कांस्टेबल मगनाराम (मुख्य सूचनाकर्ता), सुनील और सुमेर सिंह की विशेष भूमिका रही। एजीटीएफ अब प्रदेश के अन्य बड़े गैंगस्टरों और तस्करों की लिस्टिंग कर उनकी घेराबंदी में जुटी है।

## व्यापार

### साप्ताहिक समीक्षा : बिकवाली के बावजूद कारोबार के अंतिम दिन हुई मामूली बढ़त

**घरेलू शेयर बाजार में लार्जकैप और मिडकैप इंडेक्स में तेजी, स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट**

नई दिल्ली। एजेंसी



पिछले सप्ताह के कारोबार में गुरुवार को जबरदस्त बिकवाली का शिकार होने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 187.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,814.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ।
इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 100.15 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,571.25 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। 20 फरवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा।
इस इंडेक्स में शामिल केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कमिंस इंडिया और हुंडई मोटर इंडिया के शेयर टॉप गेनर्स के सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, इन्फो एज, टेक महिंद्रा, स्विगी, एलटीआई माइंडट्री, वारी एनर्जी, एसआरएफ और एटरनल के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। लार्ज कैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार में ओवरऑल 0.35 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल भारत डायनॉमिक्स, हिताची एनर्जी इंडिया, थर्मैक्स, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पेट्रोनेट एलएनजी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जीएमआर एयरपोर्ट्स और गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

### घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख है। सोना 1,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये से लेकर 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये से लेकर 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है।

### इस सप्ताह नौ कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली। एजेंसी




सोमवार यानी 23 फरवरी से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह नौ कंपनियां अपने आईपीओ को सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर रही हैं। इनमें चार कंपनी मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि पांच कंपनी एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी 24 फरवरी तक बोली लगाने का मौका रहेगा। जहां तक इस सप्ताह शेयर बाजार में होने वाली लिस्टिंग की बात है, तो चार कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कामकाज की शुरूआत करने जा रही हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 23 फरवरी को किआसा रिटेल का 69.72 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 121 रुपये से लेकर 127 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन मोबिलाइज ऐप का 20.10 करोड़ रुपये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी।
आईपीओ में बोली लगाने के लिए 75 रुपये से लेकर 80 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। 23 फरवरी को ही अकॉर्ड ट्रांसफॉर्मर एंड स्विच गियर का 25.59 करोड़ रुपये का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है।

#### श्रीराम ट्विस्टेक्स का 110.24 करोड़ रुपये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा

इसी दिन श्रीराम ट्विस्टेक्स का 110.24 करोड़ रुपये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 104 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 144 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। 23 फरवरी को ही क्लीन मैक्स इनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 1,000 रुपये से लेकर 1,053 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 14 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने सौ से अधिक बूथों का किया निरीक्षण



**उरई।** जिले में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को जनपद के सभी 1624 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने रविवार को स्वयं अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिले के लगभग 100 से अधिक बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ की उपस्थिति, मतदाता सूची के प्रदर्शन, प्राप्त प्रपत्रों की प्रविष्टि तथा व्यवस्थाओं की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन से संबंधित प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

### जंगल में भटकी मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला, पुलिस ने सुरक्षित पहुंचाया

**शिमला।** राजधानी शिमला में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षित खोजकर नारी निकेतन पहुंचाया गया। यह मामला शनिवार की शाम का है, जब मशोबरा स्थित साक्षी वन स्टॉप सेंटर से पुलिस चौकी मशोबरा को दूरभाष पर सूचना दी गई कि शेल्टर में रह रही करीब 48 वर्षीय महिला नंगे पांव सेंटर से बाहर निकल गई है और बालिका आश्रम की ओर जंगल में चली गई है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी मशोबरा की टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई।

### लाखों रुपये की हेरोइन बरामद,चार तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से चार हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तस्करों से करीब बीस लाख रुपये की 111 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा निवासी सौरव, अनिल कुमार, गुरसिमरत व राजदीप सिंह के रूप में हुई है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान शहर के भगत सिंह पार्क क्षेत्र में मौजूद थी। पार्क के बाहर सडक किनारे खड़े मोटरसाइकिल पर दो युवक बैठे थे, जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे।

### अफगानिस्तान की पाकिस्तान को माकूल जवाब की चेतावनी

**काबुल।** अफगानिस्तान ने देश में किए गए पाकिस्तान के हवाई हमले को गंभीरता से लिया है। रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान के हवाई हमले की निंदा करते हुए कहा कि इसका माकूल जवाब दिया जाएगा। अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के रक्षा मंत्रालय (नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री) ने आज कहा कि पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में हमला करके देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। एरियाना न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमलों में एक धार्मिक मदरसा और कई आम लोगों के घर शामिल थे। हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों की मौत हो गई।

### चिट्टा बरामद, दो सगे भाइयों सहित तीन गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला के लोअर खलीणी इलाके में पुलिस ने किराए के कमरे में दबिश देकर दो सगे भाइयों समेत तीन युवकों को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 6.560 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम इलाके में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर लोअर खलीणी स्थित एक किराए के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कमरे में मौजूद तीन युवकों के पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

### पुलिस एएसआई ने सर्विस रिवाल्वर से आत्महत्या की

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस लाइन में तैनात एक सहायक उपनिरीक्षक ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार आधी रात की है। गोली कनपटी से होकर खोपड़ी के आरपार निकल गई, जिससे अधिक खून बहने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रविवार को पुलिस ने हथियार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव सिटावली निवासी एएसआई जसबीर सिंह पिछले दो वर्ष से सोनीपत पुलिस लाइन में तैनात थे।

### पारिवारिक विवाद में पत्नी की हत्या,पति हिरासत में

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में रविवार को परिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की हत्या कर दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रितेश सिंह ने बताया कि कोतवाली कटरा क्षेत्र के ग्राम रेवना निवासी कपूर चन्द्र का पत्नी चन्दा देवी (48) से विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दे रहा मजबूती 'मन की बात' कार्यक्रम : गणेश

- भारतीय प्रतिभा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है



**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 51 दून विहार जाखन में पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें संस्करण का क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वैश्विक समिट में भारत की एआई क्षमताओं की सराहना करते हुए बताया कि तीन 'मेड इन इंडिया' एआई मॉडल लॉन्च कर देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उन्होंने टी-20 विश्व कप में भारतीय मूल के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। किसानों के संदर्भ में प्रधानमंत्री अन्नदाता उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन और नए बाजारों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि 15 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है तथा 'स्वदेशी अपनाइए' अभियान को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देशभर में हो रहे रचनात्मक कार्यों, नवप्रवर्तनों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को सामने लाकर समाज में नई ऊर्जा का संचार करता है।

मंत्री जोशी ने कहा कि प्रत्येक एपिसोड में युवाओं, किसानों, महिलाओं और स्टार्टअप से जुड़े विषयों को प्रमुखता मिलती है, जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती मिल रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से 'मन की बात' सुनें और उससे प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष निशा शर्मा, पार्षद मीनाक्षी नौटियाल, विजय शर्मा, सुरेंद्र राणा, मंजीत रावत, संजय नौटियाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'मन की बात' से मिलती है राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा : रेखा आर्या

**देहरादून। एजेंसी**



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने राजपुर विधानसभा क्षेत्र के डालनवाला मंडल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुना। इस अवसर पर मंत्री आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक संबोधन ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा से परिपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में उन्हें विशेष रूप से यह बात उत्साहजनक लगी कि प्रधानमंत्री खिलाड़ियों का उल्लेख करना कभी नहीं भूलते। टी-20 वर्ल्ड कप का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि विश्व की विभिन्न टीमों में भारत के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, जो देश की खेल क्षमता और वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। मंत्री ने केरल में एक बालिका के अंगदान के माध्यम से आठ लोगों को जीवनदान देने की प्रेरक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी कहानियां समाज को नई दिशा देती हैं और सेवा, संवेदनशीलता व मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाती हैं। डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी जैसे बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ह्यमन की बातह्ण के माध्यम से देशवासियों को केवाईसी या री-केवाईसी के नाम पर आने वाले फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया है।

# सोनीपत: वीर जवानों के बलिदान से देश की सीमाएं सुरक्षित: अरविंद शर्मा

## लोकार्पित, शहीद तेज सिंह की खंडित प्रतिमा को नई बनवाने की घोषणा

**सोनीपत। एजेंसी**



गोहाना के गांव गुहणा में वर्ष 1965 के युद्ध के शहीद लांसनायक हवा सिंह की स्मृति में निर्मित शहीद स्थल और आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण रविवार को सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और ग्रामीणों व शहीद परिवारजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने कहा कि वीर जवानों के बलिदान से देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और राष्ट्र सशक्त बन रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद सैनिकों के सम्मान में अनेक निर्णय लिए गए, जिनमें वन रैंक वन पेंशन लागू करना प्रमुख है। हरियाणा में सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण विभाग का गठन किया गया है। युद्ध या विस्फोट में शहीद जवानों के परिवार को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए की गई है। वर्ष 2014 के बाद 418 आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई है।

शहीद व अर्धसैनिक बल के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक 60 हजार रुपए, स्नातक के लिए 72 हजार रुपए और उच्च स्नातक के लिए 96 हजार रुपए वार्षिक सहायता का प्रावधान है। उन्होंने अग्निवीर योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि सीमा सुरक्षा बल में आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 के तहत अगस्त 2026 से सरकारी व निजी क्षेत्र में अवसर दिए जाएंगे। शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपए अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान एक पूर्व सैनिक ने फरमाणा गांव में शहीद तेज सिंह की खंडित प्रतिमा की जानकारी दी।

## सनातन धर्म की परंपराओ में बसती भारतीय संस्कृति की आत्मा : कृष्ण

**जींद। एजेंसी**



हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सनातन धर्म की परंपराएं केवल धार्मिक अनुष्ठान नही बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। पर्यावरण शुद्धि तथा आमजन को सनातन संस्कृति से जोड? के उद्देश्य से 108 कुंडीय महायज्ञ जैसे भव्य आयोजन समाज को एकजुट करने और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुद्दढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैबिनेट मंत्री शनिवार देर सायं जगतगुरु पीठाधीश चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 हरिओम महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा 103वां महायज्ञ की महाआरती में शामिल होकर लोगों को संबोधित कर रहे थे। केबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत भूमि सदियों से संतों, ऋषि मुनियों और महापुरुषों की तपोभूमि रही है। भारतीय संस्कृति का मूल आधार आध्यात्मए नैतिकता और मानवता के उच्च आदर्शों पर टिका हुआ है। हमारे संत, महापुरुषों ने अपने उपदेशों, तप और त्याग से समाज को सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का मार्ग दिखाया है। प्राचीन काल से ही भारत में ज्ञान की परंपरा रही है। वेद, उपनिषद, पुराण और महाकाव्य जैसे ग्रंथों ने मानव जीवन को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां रामायण हमें मयार्दा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का संदेश देती है वहीं महाभारत धर्म और अधर्म के संघर्ष के माध्यम से सत्य की विजय का संदेश देती है। इसी प्रकार भगवद्गीता जीवन के प्रत्येक संकट में कर्तव्य पालन, कर्मयोग और आत्मबल की प्रेरणा प्रदान करती है। भारतीय संस्कृति में संत, महापुरुषों का योगदान अतुलनीय रहा है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 18 लाख की अवैध शराब जब्त

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी सफलता हासिल की है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिनेश उदेनिया के नेतृत्व में टीम ने शनिवार देर रात कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरी एक आयसर वाहन को जब्त किया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी अमले ने जेतपुराझ्रबगड़ी तुर्क रोड स्थित जीतल सोल्यूशन वेयरहाउस परिसर में दबिश दी। यहां खड़ी आयसर गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 199 पेटियां बियर भरी मिलीं। वाहन से कुल 2388 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। मौके पर मौजूद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें देवकरण पुत्र सीताराम भूरिया, निवासी खिड़कियां जिला धार तथा गणेश पुत्र संतोष रेसवाल, निवासी पीपलगोन तहसील कसरावद जिला खरगोन शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) (क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## टॉपलेस, शेमलेस, ब्रेनलेस और फेसलेस राजनीति का पर्याय बन चुकी है कांग्रेस : संजय

**धर्मशाला। एजेंसी**



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने 'ग्लोबल एआई समिट' के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज 'टॉपलेस, शेमलेस, ब्रेनलेस और फेसलेस' राजनीति का पर्याय बन चुकी है। संजय शर्मा ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा दिखा रहा है, तब कांग्रेस के कार्यकर्ता कपड़े उतारकर देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। भारत मंडपम में जो कुछ युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने किया है वो असहनीय ही नहीं बल्कि हर भारतीय की विशेषकर युवा पीढ़ी की छवि को विश्व स्तर पर धूमिल करने वाला कृत्य है।

रविवार को जारी एक प्रेस बयान में भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि टॉपलेस कांग्रेस का नेतृत्व अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। इनके पास न कोई मुद्दा बचा है और न ही नैतिकता। विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह का प्रदर्शन कांग्रेस की मयार्दा विहीन राजनीति को दशार्ता है। शैमलेस कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का अपमान करना इसके डीएनए में शामिल हो चुका है। समिट जैसे गरिमामयी आयोजनों में बाधा डालना बेहद शर्मनाक है। ब्रेनलेस कांग्रेस जब दुनिया भविष्य की तकनीक पर चर्चा कर रही है, तब कांग्रेस के पास न कोई विजन है और न ही समझ। उनका विरोध पूरी तरह तर्कहीन और बुद्धिहीनता से प्रेरित है। फेसलेस कांग्रेस आज एक बिना चेहरे वाली पार्टी बन गई है, जिसके पास न कोई स्पष्ट नेता है और न ही कोई नीति। वे केवल अराजकता फैलाकर अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं।

### लालच में आकर की थी प्रदीप की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुराने पीर के पास मंगलौर नहर पटरी मार्ग पर 17 फरवरी को शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पैसे की तंगी और लालच में आकर नशे में गला दबाने के बाद पत्थर से सिर पर वार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। शव की पहचान घोसीपुरा मंगलौर निवासी प्रदीप के रुप में हुई थी। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर कोतवाली मंगलौर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी नवनीत भुल्लर ने रविवार को बताया कि हत्या के बाद घटनास्थल के आसपास संदिग्ध आवाजाही टटोलने पर पुलिस टीम को घटना वाले दिन की सुबह मृतक प्रदीप को एक अन्य अज्ञात के साथ मोटर साइकिल से घटनास्थल की ओर जाते देखा गया था। पुलिस ने अज्ञात की तलाश करते हुए देवबन्द तिराहे के पास संदिग्ध हुलिए से मिलते जुलते एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार उस व्यक्ति ने हत्या की वारदात कबूलते हुए बताया कि वह सराय ज्वालापुर स्थित किराये के मकान में रहता है। 17 फरवरी को अपने घर मुजफ्फर नगर जाने के लिए रुड़की में इंतजार कर रहा था।

## अमेरिका के जेपी मॉर्गन बैंक का अदालत में हलफनामा

# छह जनवरी को कैपिटल पर हमले के बाद ट्रंप के खाते बंद किए

**वाशिंगटन। एजेंसी**





अमेरिका के जेपी मॉर्गन बैंक ने पहली बार माना कि उसने 06 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हुए हमलों के बाद राजनीतिक और कानूनी नतीजों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निजी और उनके कई व्यापारिक बैंक खातों को बंद कर दिया था। इस कानूनी लड़ाई में यह सबसे बड़ा कुबूलनामा है। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह बात इस हफ्ते बैंक और उसके सीईओ जेमी डिमन के खिलाफ ट्रंप के मुकदमे में कोर्ट में जमा किए गए हलफनामा में सामने आई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बैंक पर पांच बिलियन अमेरिकी डॉलर (भारतीय मुद्रा में लगभग 45,363.43 करोड़ रुपये) का मुकदमा किया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि उनके खाते राजनीतिक कारणों से बंद किए गए। इससे उनके व्यापार में रुकावट आई। जेपी मॉर्गन बैंक के पूर्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डैन विल्केनिंग ने हलफनामा में लिखा, ₹फरवरी 2021 में, जेपी मॉर्गन ने प्लेनटिफ को बताया था कि जेपी मॉर्गन के सीबी और पीबी में रखे गए कुछ खाते बंद कर दिए जाएंगे।₹ उल्लेखनीय है कि पीबी और सीबी का मतलब जेपी मॉर्गन का प्राइवेट बैंक और कमर्शियल बैंक है। इससे पहले जेपी मॉर्गन ने कभी यह नहीं माना था कि उसने राष्ट्रपति के खाते बंद किए हैं।

ट्रंप ने शुरू में जेपी मॉर्गन पर फ्लोरिडा स्टेट कोर्ट में केस किया। बैंक ने कोर्ट से आग्रह किया है कि केस को न्यूयॉर्क स्थानांतरित कर दिया जाए। ट्रंप ने बैंक पर व्यापारिक मानहानि का आरोप लगाया है। ट्रंप के वकीलों का आरोप है कि जेपी मॉर्गन ने राष्ट्रपति और उनकी कंपनियों को काली सूची में डाला। वकीलों ने बयान में कहा, "एक बड़ी बात यह है कि बैंक ने मान लिया है कि उसने गैरकानूनी और जानबूझकर खाते बंद किए।" ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने मार्च 2025 में क्रेडिट कार्ड की बड़ी कंपनी कैपिटल वन पर इसी तरह के कारणों और आरोपों के लिए केस किया था।

**व्यवसाय** हकृवि के एबिक ने चार स्टार्टअप्स के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# कृषि में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हकृवि लगातार प्रयासरत : प्रो. बीआर

- नवाचार मूल्य संवर्धन और तकनीकी उन्नयन का आधुनिक क्षेत्र बन चुकी है

**हिसार। एजेंसी**



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में नवाचार, उद्यमिता और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चार स्टार्टअप्स के साथ एमओए किए गए हैं। एबिक द्वारा कृषि मंत्रालय के माध्यम से चार चयनित स्टार्टअप्स को 62 लाख रूपए की अनुदान राशि भी स्वीकृत की गई है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने रविवार को बताया कि हकृवि कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि एबिक इनोवेशन आधारित एग्री स्टार्टअप्स के लिए ऐसा प्लेटफार्म हैं जहां कृषि या कृषि से संबंधित क्षेत्र के स्टार्टअप, छोटे उद्यमी, किसान तथा महिला उद्यमी अपने कृषि व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं।

इस केन्द्र के द्वारा नव उद्यमियों को आवश्यक तकनीकी, वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और नेटवर्किंग सेवाएं प्रदान की जाती है जिससे वे अपनी कृषि व्यवसाय को सफलतापूर्वक बाजार में उतार सकें और अपने क्षेत्र में स्वरोजगार एवं रोजगार सृजन कर सकें। कुलपति ने बताया कि कृषि अब पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह नवाचार मूल्य संवर्धन और तकनीकी उन्नयन का आधुनिक क्षेत्र बन चुकी है। यदि हमारे युवा उद्यमिता की भावना के साथ आगे बढ़ते रहे तो वह रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे। उन्होंने बताया कि एबिक के माध्यम से अब तक हुए कुल 7 कोहार्टस में 77 स्टार्टअप्स को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा लगभग 10 करोड रुपए की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है जिनमें से कई स्टार्टअप सफलतापूर्वक आत्मनिर्भर उद्यम के रूप में स्थापित हो चुके हैं। आरकेवीवाई रफ्तार स्कीम के नियंत्रक अधिकारी एवं हकृवि के अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय अब केवल शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि एबिक द्वारा युवाओं/विद्यार्थियों को अपने नए आइडिया के साथ व्यवसाय शुरू करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर कोहार्ट में छात्र कल्याण प्रोग्राम, पहल और सफल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण और चार से 25 लाख रुपए तक की अनुदान राशि देने का प्रावधान किया गया है। एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि जिन चार स्टार्टअप्स के साथ एमओए किए गए है उनमें महेंद्रगढ निवासी योगेंद्र कुमार की कंपनी वाईएमडब्ल्यू फूड प्राइवेट लिमिटेट को 12 लाख रुपए, यह स्टार्टअप मशरूम के मूल्य संवर्धन पर कार्य कर रहा है, जिसके अंतर्गत मशरूम-कोटेड स्नैक्स, मशरूम पाउडर तथा मशरूम आधारित नमकीन एवं मिठाई जैसे उत्पाद विकसित कर रहा है और साथ ही किसानों को भी प्रशिक्षण देकर उनकों भी उद्यमिता की तरफ अग्रसर कर रहा है।

## 'मन की बात' समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला मंच : सीएम धामी

**देहरादून। एजेंसी**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में जनप्रतिनिधियों एवं संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड को सुना। इस मौके मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम जन-जन को प्रेरित करने वाला सशक्त माध्यम है, जो नवाचार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में योगदान की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन, अंगदान की प्रेरणादायक घटनाओं तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करें तथा एआई, स्वास्थ्य जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजानदास, सविता कपूर, सुरेश गड़िया पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौंरियाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ मुराड़ाः आम रास्ता बना 'मुसीबत का मार्ग', कीचड़ और दुर्गंध से राहगीर बेहाल



**चमकता राजस्थान/रामगढ़ मुराड़ा (सवाई माधोपुर)।** ग्राम पंचायत रामगढ़ मुराड़ा के मुख्य आम रास्ते पर व्याप्त गंदगी और कीचड़ ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा हो रहा है, जो अब सड़कर भयंकर दुर्गंध फैला रहा है। फिसलन का खतराः रास्ते पर जमा कीचड़ के कारण पैदल चलने वालों और दुपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्वास्थ्य पर संकटः दुर्गंध और जमा गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। प्रशासनिक अनदेखीः स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के बारे में पंचायत प्रशासन को बार-बार सूचित किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

- **ग्रामीणों की मांगः**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रास्ते पर जल्द से जल्द पक्की नाली का निर्माण करवाया जाए और नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि आम जन को इस नारकीय जीवन से छुटकारा मिल सके। रास्ते पर इतना कीचड़ है कि बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का र का दिलवाड़ी तेजाजी मंदिर पर भव्य स्वागत भाजपा कार्यकर्ता द्वारा



**चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का कोटा से किशनगढ़ जाते समय दिलवाड़ी स्थित तेजाजी मंदिर पर स्वागत किया गया यह स्वागत भाजपा नसीराबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी के नेतृत्व में हुआ राजे ने मंदिर में माथा ठेका और अमन चैन की कामना की उन्होंने तेजाजी महाराज की जयकारे भी लगाई राजे ने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे जिंदाबाद और बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाए स्वागत के बाद उसने राजे दिलवाड़ा में कुछ देर रुकी भाजपा कार्यकर्ताओं से कुशल से पूछा और उन्हें प्रयासों की प्रशंसा की इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद ट्रेन में राकेश प्रजापत पुष्पेंद्र सिंह दिलवाड़ी राजू चौधरी अनिल चौधरी राहुल सिंह राजू गुर्जर अनुराग वैष्णव कन्हैयालाल चौधरी और मुकेश सेन शामिल थे।

### जल महल की पाल पर दिखा वायु सेना का शौर्य

# 'सूर्यकिरण' और 'सारंग' एयरोबैटिक शो ने मोहा मन, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की शिरकत

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के विश्व प्रसिद्ध जल महल की पाल पर भारतीय वायु सेना के भव्य एयरोबैटिक डिस्प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की।

कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने अपने अद्भुत हवाई कौशल का प्रदर्शन किया। आकाश में बनती सटीक संरचनाओं, रंगीन धुएं की धाराओं और हेलीकॉप्टरों की समन्वित उड़ानों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'सूर्यकिरण' टीम और 'सारंग' हेलीकॉप्टर दल की रोमांचक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के उत्साह से भर दिया। दर्शकों ने तालियों और जयघोष के साथ सभी का अभिनंदन किया। यह आयोजन भारतीय सशस्त्र बलों की दक्षता, समर्पण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का जीवंत परिचय रहा। जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों और मनोहारी प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने प्रदेशवासियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।






इस अवसर पर साउथ वेस्टर्न एयर फोर्स चीफ एयर मार्शल श्री तेजिंदर सिंह जी, साउथ वेस्टर्न आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ जी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् मज्जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव शांतियज्ञ के साथ संपन्न, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

चमकता राजस्थान

**राकेश अग्रवाल।** सवाई माधोपुर श्रावको के प्रबल पुण्योदय से दिगंबर जैन भसावडियान गोठ व प्रतिमा पुण्यार्जकों के संयोजन में शेरपुर स्थित दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को शांति यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा तथा समाज के लोग जिनाभिषेक, शांतिधारा व पूजन के समागम में उमड़ पड़े।

महोत्सव के पहले दिन शनिवार को हरीश- रेणु धाडूका द्वारा किये गए ध्वजारोहण के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।

फागी के विधानाचार्य मनीष गोधा के निर्देशन में वेदी शुद्धि, मंडल विधान एवं अन्य वैदिक क्रियाएं विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न कराई गईं। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता करते हुए धर्माराधना की।



महोत्सव के दंसरे दिन रविवार को प्रातः शुभ मुहूर्त में वेदी प्रतिष्ठा की मुख्य क्रिया सम्पन्न हुई। यज्ञ नायक-नायिकाओ सहित इंद्र परिकरो ने यज्ञ में विभिन्न मंत्रों के बीच आहुतियां देकर विश्वशांति की कामना की गई।

सकल दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के बाद विधानाचार्य के मंत्रोचार के बीच उत्साह व उमंग के वातावरण में नगेंद्र कासलीवाल, सुशील गंगवाल, रमेश चंद भसावड़ी, महेश छाबड़ा, अवनेश छाबड़ा, सुनील ढोलिया एंव अभिषेक रावका ने भगवान वासुपूज्य, शीतलनाथ, मल्लिनाथ मुनिसुव्रतनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ एंव भगवान महावीर की प्रतिमाओ को अलग ही छठा बिखेरने वाली वेदियो में कमलासन पर भव्यता के साथ स्याद्वाद दिव्य जयघोष की मधुर धुनो के बीच विराजमान कर चंवर ढुलाए। प्रतिमाओं को वेदियो में विराजमान करते ही जिनेंद्र भक्त दर्शनों के लिए लालायित हो गए। भक्त और भगवान के प्रेम का यह अनूठा दृशय क्षेत्र पर नजर आ रहा था, श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे थे। जिनालय जिनेंद्र भगवान के जयकारों से गूंज उठा।

वहीं शशि कासलीवाल, मधु गंगवाल, सरोज भसावड़ी, मधु छाबड़ा, शांति छाबडा, मंजू छाबड़ा बीना ढोलिया एंव बीना रावका ने बधाई गीत गाकर जिनेंद्र भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। धार्मिक माहौल से मंदिर भक्ति के रंग से सराबोर हो गया।

इस अवसर पर स्थानीय सहित आस-पास व दूर-दराज के धर्मनिष्ठ महिला, पुरुषो ने उपस्थित रहकर महोत्सव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

महोत्सव के सफल आयोजन में भसावडियान गोठ एवं प्रतिमा पुण्यार्जकों का विशेष योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। धार्मिक वातावरण, अनुशासन एवं भव्य व्यवस्थाओं के साथ दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव ऐतिहासिक एवं स्मरणीय बन गया।

### लिबर्टी अस्पताल जयपुर एवं मेरी सहेली फाउंडेशन ने निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया



**चमकता राजस्थान/अमरदीप सैन डीग।** लिबर्टी अस्पताल जयपुर एवं मेरी सहेली फाउंडेशन डीग के सौजन्य से डीग के मेला ग्राउंड स्थित गुरु आशीष स्कूल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ डीग जिला अस्पताल के PMO डॉक्टर जितेंद्र सिंह फौजदार ने फीता काटकर किया इस शिविर में राजस्थान के जाने-माने डॉक्टर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हंसमुख स्वभाव के धनी नीरज कुमार शर्मा नर सेवा नारायण सेवा गरीबों की सेवा करते हैं हड्डी रोग घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव अरड़ाबतिया जनरल सर्जन डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप महला एवं डॉक्टर जितेंद्र सिंह फौजदार ने करीब 500 मरीजों की सभी निशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई शिविर में पधारे सभी डॉक्टर एवं सहयोगियों का मेरी सहेली फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति नीरज गर्ग ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया शिविर में चंद्रभान शर्मा राकेश गोयल आराधना सोमी अरोड़ा एवं फाउंडेशन की सचिव रोशनी चौधरी कोषाध्यक्ष राजरानी गर्ग एवं सदस्य वैशाली लक्ष्मी डोली टोंक आदि ने अपना सहयोग दिया।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का हेल्थ चेकअप, हाई बीपी के मिले कई मरीज

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित मातोश्री वृद्धाश्रम में ग्लोबल हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. ओम बालोदिया व डॉ. श्वेता टिक्कीवाल ने बुजुर्गों का हेल्थ चेकअप किया। जांच के दौरान अधिकांश बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। चिकित्सकों ने नमक और चिकनाई कम लेने, नियमित योग व व्यायाम करने की सलाह देते हुए आवशयक दवाइयां वितरित कीं। इस मौके पर सोसायटी की ओर से जरूरत का सामान भी भेंट किया गया और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, पूनम शर्मा, विजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में ईशिता बिंद्रा और विजय रस्तोगी ने ध्यान एवं हास्य योग करवाकर बुजुर्गों को आनंदित कर दिया।




### चौमूं केशव नगर में 2 मार्च को गूंजेंगे सुंदरकांड के स्वर, सजेगा श्याम बाबा का दरबार

- **पोस्टर विमोचन के साथ फागोत्सव की तैयारियां शुरू, मनमोहक झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र**




**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमूं।** शहर के केशव नगर स्थित बी.एल. शॉपिंग मार्ट के पास आगामी होली के पावन पर्व के उपलक्षय में 'पंचम संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भव्य फागोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। सोमवार, 2 मार्च को शाम 7 बजे से आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर वार्डवासियों में भारी उत्साह है। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए रविवार को स्थानीय नागरिकों द्वारा विधिवत पोस्टर का विमोचन किया गया।भक्ति और रंगों का होगा संगम नगरवासी शंकर जिंदल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष आयोजन को विशेष भव्यता दी जा रही है। संगीतमय सुंदरकांड कुशल गायकों द्वारा हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। खाटू नरेश श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव और आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी।सुंदरकांड के पश्चात श्रद्धालु गुलाल और फूलों के साथ फाग उत्सव का आनंद लेंगे।पोस्टर विमोचन के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें कन्हैया लाल यादव, डॉक्टर अरुण यादव, गौरी शंकर सोनी, अरुण जांगिड़, बृजेश शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, नरेंद्र सोनी, कन्हैयालाल सैनी, नरेश कुमार जिंदल, बाबूलाल सिंधी, विनोद जैन और नरेश जिंदल सहित कई लोग शामिल थे। सभी ने नगरवासियों से इस भक्तिमय आयोजन में सपरिवार पधारने की अपील की है।

### धड़ाकेबाज युवा प्रतिष्ठान ने विभाग शिक्षा से शिकायत की

# दिवा में 11 विद्यार्थियों का शैक्षणिक साल बर्बाद! 'धड़ाकेबाज युवा प्रतिष्ठान' अवैध स्कूलों की मनमानी के खिलाफ़ आक्रामक

जयपुर राजस्थान

**ठाणे/अरविंद कोठारी।** दिवा ईस्ट में अवैध स्कूल 'मॉडर्न वर्ल्ड इंग्लिश स्कूल' की बड़ी लापरवाही की एक बहुत ही अजीब घटना सामने आई है जिसकी से वजह से 10वीं क्लास के 11 विद्यार्थियों को अपनी परीक्षा छोड़नी पड़ी। विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले इस गंभीर मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए, 'धड़ाकेबाज युवा प्रतिष्ठान' के संस्थापक अध्यक्ष अमोल केंद्र ने ठाणे महानगर पालिका के शिक्षा विभाग को आड़े हाथों लिया है और इस गैर-कानूनी स्कूल के खिलाफ़ सख्त एक्शन लेने के लिए सभी प्रशासन लेवल पर ऑफिशियल कंप्लेंट दर्ज कराई है। 10वीं क्लास के परीक्षा शुक्रवार (20 फरवरी) से शुरू हो गए हैं। लेकिन, इन विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक साल बर्बाद हो गया क्योंकि मॉडर्न वर्ल्ड इंग्लिश स्कूल ने विद्यार्थियों के एग्जामिनेशन फॉर्म भी नहीं भरे। इस घटना से पलक वर्ग में बहुत गुस्सा है। अमोल केंद्र ने इस मामले को फॉलोअप किया है और प्रशासन की लापरवाही को सामने लाया है।




- **प्रशासन की मेहरबानी से फल-फूल रहे अवैध स्कूल?**

इस बार, अमोल केंद्र ने एक बहुत ही गंभीर और चौंकाने वाले मामले की ओर ध्यान दिलाया है। पिछले शैक्षणिक साल में, प्रशासन ने अकेले दिवा शहर में 81 अवैध स्कूलों की लिस्ट जारी की थी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नियोजन समिति में और शिक्षा विभव प्रशासन ने एक बड़ा ऐलान किया था कि अगर अवैध स्कूलों को तुरंत बंद नहीं किया गया, तो उन पर हर दिन 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। लेकिन, असल में, इनमें से किसी भी स्कूल के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है और न ही उनसे फाइन वसूला गया है। ₹एज्युकेशन डिपार्टमेंट की इस 'गलत' लापरवाही और करप्ट मैनेजमेंट की वजह से आज दिवा में बिना इजाज़त वाले स्कूलों की भरमार हो गई है। प्रशासन सिर्फ़ कागज़ के घोड़े नचा रहा है, और आज ये 11 बेकसूर विद्यार्थी इसकी चपेट में आ गए हैं। अगर प्रशासन ने उन 81 बिना इजाज़त वाले स्कूलों के खिलाफ़ पहले ही एक्शन लिया होता, तो यह नौबत नहीं आती,₹ अमोल केंद्र ने तीखा आरोप लगाया है।

धड़ाकेबाज़ युवा प्रतिष्ठान की तरफ़ से, इस पूरी घटना के लिए स्कूल प्रशासन और ठाणे महानगर पालिका का शिक्षा विभाग पूरी तरह से ज़िम्मेदार है। मॉडर्न वर्ल्ड इंग्लिश स्कूल के ट्रस्टियों के खिलाफ़ तुरंत क्रिमिनल केस दर्ज किया जाना चाहिए और स्कूल को हमेशा के लिए सील किया जाना चाहिए। साथ ही, जैसा कि पिछले साल ऐलान किया गया था, दीवा के सभी अवैध स्कूलों पर सज़ा वाली कार्रवाई करके उन्हें बंद किया जाना चाहिए। अगर प्रशासन ने इस मांग को नज़रअंदाज़ किया, तो 'धड़ाकेबाज़ युवा प्रतिष्ठान' सड़कों पर उतरेगा और विद्यार्थियों को इंसाफ़ दिलाने के लिए एक मज़बूत आंदोलन शुरू करेगा और इसकी पूरी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी, अमोल केंद्र ने चेतावनी दी है।

प्रीलिमिनरी परीक्षा में इन विद्यार्थियों के फॉर्म भरवाकर उनके परीक्षा करवाए जाएगी और किसी भी हालत में विद्यार्थियों का साल बर्बाद नहीं होगा, और संबंधित स्कूल के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा और स्कूल को सील कर दिया जाएगा - श्री देवीदास महाजन (सेकेंडरी शिक्षण अधिकारी)

### जोधपुर में शादी से ठीक पहले दो सगी बहनों ने की आत्महत्या

- **चीख पुकार और मातम में बदल गया खुशी का माहौल**

**चमकता राजस्थान/राजूराम मेघवाल,/चीफ ब्यूरो जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के सूरसागर थाना क्षेत्र के मणाई गांव में शनिवार को एक दुखद घटना घटी, जहां दो सगी बहनों ने आत्महत्या कर ली खास बात यह है कि आज ही दोनों की शादी थी और बारात आने वाली थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन जाप्ता मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया। एडीसीपी पश्चिम रोशन मीणा ने बताया कि मृतक बहनें शोभा और विमला मणाई गांव के निवासी दीपसिंह की पुत्रियां थीं। दोनों की शादी तय थी और आज बारात आने वाली थी, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने यह उठा लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। दोनों बहनें निजी स्कूल में शिक्षक थी। एडीसीपी के अनुसार, शुक्रवार देर रात घर में बंदोली का कार्यक्रम चल रहा था।रात करीब 12बजे दोनों बहनें अपने कमरे में सोने चली गई थी। सुबह करीब चार बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें जल्दी से जोधपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को घर वापस लाया।
मृतक के मामा जवन्त सिह ने बताया कि उन्हें सुबह 5बजे छोटी बहन से फोन पर घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत अन्य रिश्तेदारों से बात की और पुलिस को सूचना किया। पुलिस टीम सुबह छह बजे मणाई गांव पहुंची, जहां परिवार के व्दारा अन्तिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। शव नीला रंग का हो गया था, मामा ने बताया कि शव नीला पड़ चुका था।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929